हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 24 जून 2026, वर्ष- 09, अंक- 120, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

पेज : 12

वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे अधिक बार शून्य ...



## कतर गैस प्लांट हादसा: 12 भारतीयों सहित 13 की जान गई, 66 घायलों की हालत स्थिर

### मेंटेनेंस के बाद दो दिन पहले ही खोला गया था प्लांट

एजेंसी। दोहा



रास लाफ़ान इंडस्ट्रियल सिटी में बरज़ान लोकल गैस सप्लाई फैसिलिटी में रविवार को हुए भीषण धमाके से 12 भारतीयों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और 66 लोग घायल हो गए। भारतीय दूतावास के अनुसार, दुर्घटना में घायल हुए अन्य लोगों की स्थिति फिलहाल स्थिर है और उनका उपचार किया जा रहा है। दूतावास ने यह भी बताया कि मृतकों के पार्थिव शरीरों को शीघ्र भारत भेजने की प्रक्रिया को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। खास बात यह है कि बरज़ान प्लांट को ज़रूरी मेंटेनेंस के लिए दिसंबर 2025 से बंद रखा गया था और धमाके से सिर्फ़ दो दिन पहले ही इसे दोबारा शुरू किया गया था। राजधानी दोहा से 80 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में नॉर्थ फील्ड के पास स्थित रास लाफ़ान इंडस्ट्रियल सिटी कतर के सबसे अहम औद्योगिक केंद्रों में से एक है, जहाँ लगभग 1,15,000 लोग काम करते हैं। वेबसाइट कतर न्यूज के मुताबिक ऊर्जा मामलों के राज्य मंत्री और कतर एनर्जी के प्रेसिडेंट और सीईओ साद शेरिदा अल-काबी ने सोमवार को हादसे की पुष्टि करते हुए दोहा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि धमाका रविवार, 21 जून को रात करीब 10:30 बजे हुआ। उन्होंने साफ किया कि यह एक हादसा था, न कि कोई तोड़-फोड़ या दुश्मनी की वजह से हुई घटना। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मारे गए लोगों में भारतीय और पाकिस्तानी नागरिक थे। उन्होंने बताया कि घायल हुए 66 लोगों में से किसी की भी हालत जानलेवा नहीं है। घायलों में कतर, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, केन्या, ईरान, तंजानिया, नाइजीरिया और नेपाल के नागरिक हैं। अल-काबी ने बताया कि बरज़ान प्लांट को ज़रूरी मेंटेनेंस के लिए दिसंबर 2025 से बंद रखा गया था और धमाके से सिर्फ़ दो दिन पहले ही इसे दोबारा शुरू किया गया था। कतर एनर्जी की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और कतर सिविल डिफेंस ने तेज़ी से आग पर काबू पा लिया। घटना की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। कतर एनर्जी के अनुसार, 2022 में शुरू हुए बरज़ान कॉम्प्लेक्स से घरेलू स्तर पर पाइपलाइन गैस की सप्लाई होती है। इसमें स्थानीय बिजली उत्पादन और पानी को खारापन मुक्त करने वाले (डिसैलिनेशन) प्लांट के साथ-साथ स्थानीय उद्योगों को हर दिन 1.4 बिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फ़ीट गैस सप्लाई करने की क्षमता है। यह फैसिलिटी स्थानीय बाजार और एक्सपोर्ट, दोनों के लिए इथेन, कंडेनसेट और सल्फर जैसे हाइड्रोकार्बन प्रोडक्ट भी सप्लाई करती है।

### कतर में दर्दनाक हादसा: विदेश मंत्री ने जताया गहरा दुख



**नई दिल्ली**। कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में हुए एक दुखद हादसे में कम से कम 12 भारतीय नागरिकों की जान चली गई, जिससे भारत में शोक की लहर दौड़ गई है। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुष्टि की है और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस हृदय विदारक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। यह घटना दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा केंद्रों में से एक में हुई, जिसने वैश्विक स्तर पर भी चिंता पैदा की है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में कहा कि कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में हुए धमाके में कई भारतीय नागरिकों की मौत और घायल होने की खबर सुनकर उन्हें गहरा सदमा लगा है। उन्होंने पुष्टि की कि भारतीय दूतावास कतर के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और हादसे से प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। मंत्री ने अपनी प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ होने की बात कही, जिससे संकट की इस घड़ी में सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता जाहिर होती है। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने भी एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इस खबर की पुष्टि की। दूतावास ने बताया कि रविवार रात हुए रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी हादसे में 12 भारतीय नागरिकों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत हो गई है। दूतावास ने इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

## नेफेड नीलामी पोर्टल 'नाफेक्स' शुरू

### अमित शाह बोले- यह पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता के लिए महत्वपूर्ण

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) के नए डिजिटल नीलामी पोर्टल 'नाफेक्स. इन' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के किसानों और कृषि संस्थाओं के हित में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता बढ़ाने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म नीलामी संबंधी गतिविधियों को सुगम बनाने और किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगा। समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, नेफेड के अध्यक्ष जेठाभाई अहीर, उपाध्यक्ष सिद्धाप्पा एस होट्टी और प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी व कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस नए पोर्टल के माध्यम से नेफेड ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पारदर्शी तरीके से कृषि उत्पादों की खरीद और उसके 48 घंटे के भीतर सीधे किसान के खाते में भुगतान (डीबीटी) सुनिश्चित करने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त, किसानों को लंबी लाइनों से बचाने के लिए पहले से ही पंजीकरण कराने की सुविधा भी मुहैया कराई गई है। अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में जो नेफेड बंद होने की कगार पर पहुंच गया था, वह सरकार के निरंतर सुधारों और प्रयासों की बदौलत आज 30 हजार करोड़ रुपये के टर्नओवर तथा 500 करोड़ रुपये के मुनाफे के साथ देशभर के 7.6 मिलियन (76 लाख) किसानों को अपनी सेवाएं दे रहा है। आज के दिन के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि 23 जून का दिन सभी कार्यकर्ताओं के लिए बेहद प्रेरणादायी है, क्योंकि इसी दिन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए जम्मू-कश्मीर की जेल में अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेकर यह सुनिश्चित किया था कि पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग बना रहे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के ऐतिहासिक संघर्ष का स्मरण कराते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू होने के कारण वहां का अलग झंडा, अलग संविधान और अलग प्रधान था, जो देश की संप्रभुता के लिए अत्यंत खतरनाक था। उस समय डॉ. मुखर्जी ने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान' के खिलाफ दिल्ली से कश्मीर तक मार्च निकाला था और बिना परमिट प्रवेश करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। अमित शाह ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आज अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के साथ डॉ. मुखर्जी का वह ऐतिहासिक सपना पूरी तरह साकार हो चुका है। कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश के कृषि उत्पादन में 44 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो हरित क्रांति से भी तेज विकास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्रालय के तीन प्रमुख लक्ष्य हैं। पहला, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, दूसरा, आम लोगों तक पोषक आहार पहुंचाना और तीसरा किसानों की आजीविका को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि बंपर पैदावार के समय कीमतों में आने वाली गिरावट से किसानों को बचाने के लिए सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर रिकॉर्ड खरीद कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब प्लास्टिक कचरे से बना पेट्रोल मिलेगा 32 रुपए लीटर



**नई दिल्ली**। पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर देश के खजाने पर पड़ने वाले भारी बोझ को कम करने और पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान खोजने के उद्देश्य से, वैज्ञानिकों ने एक बड़ा कमाल कर दिखाया है। इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के बाद अब देश में एक नए तरीके का पेट्रोल-डीजल तैयार किया गया है, जो न सिर्फ बेहद सस्ता होगा, बल्कि सामान्य तेल जितना ही अच्छा एवरेज भी देगा। मात्र 32 रुपए प्रति लीटर की कीमत पर 62 किमी प्रति लीटर का एवरेज मिल जाएगा। वडोदरा स्थित गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के वैज्ञानिकों ने सफलतापूर्वक मिश्रित प्लास्टिक कचरे को पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधन में बदल दिया है। यह नवाचार एक तरफ जहां ईंधन का एक नया और सस्ता विकल्प प्रदान करेगा, वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या का भी समाधान करेगा। यह फॉर्मूला केवल फाइलों या लैब तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे व्यावहारिक रूप से परख लिया गया है। भारत के एक प्रमुख दोपहिया निर्माता कंपनी की तीन मोटरसाइकिलों को इस पेस्ट्रो पेट्रोल से दौड़ाया गया और खास बात यह है कि इसके लिए इंजन में किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं हुई। इस प्लास्टिक वाले पेट्रोल से माइलेज भी लगभग सामान्य पेट्रोल जितना ही मिला; 100 सीसी की एक बाइक जिसने सामान्य पेट्रोल से 62 किलोमीटर प्रति लीटर का एवरेज दिया, वह प्लास्टिक से तैयार एक लीटर पेट्रोल से 60 किलोमीटर दौड़ी।

### उर्वरक लदे 4 मालवाहक जहाज होर्मुज पार कर भारत की ओर बढ़े, सरकार का दावा- खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद

**नई दिल्ली**। वैश्विक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर लंबी अनिश्चितता के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर है कि यूरिया, डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और सल्फर की खेप लेकर आ रहे चार मालवाहक जहाज पिछले सप्ताह सफलतापूर्वक होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। इन जहाजों के देश के निर्धारित बंदरगाहों पर पहुंचने के बाद देश के मौजूदा उर्वरक भंडार को मजबूती मिलेगी। भारत सरकार के आधिकारिक बयान के मुताबिक, यूरिया, डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और सल्फर की खेप लेकर आ रहे चार मालवाहक जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। ये जहाज अब भारत के विभिन्न बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। ये जहाज कृष्णापटनम, काकीनाडा, पारादीप और मुंद्रा बंदरगाहों पर पहुंचेंगे। जहां खाद की खेप को तेजी से उतार कर किसानों को समय पर खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। सरकार के मुताबिक, 22 जून तक देश में कुल 196.08 लाख टन खाद का भंडार उपलब्ध है। यह पिछले वर्ष इसी अवधि में मौजूद 168.67 लाख टन के मुकाबले काफी अधिक है। मौजूदा भंडार में 81.44 लाख टन यूरिया, 20.92 लाख टन डीएपी, 55.91 लाख टन एनपीके, 12.68 लाख टन एमओपी और 25.13 लाख टन एसएसपी शामिल हैं। इस बीच कृषि क्षेत्र में खाद की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है। इस साल 1 मार्च से 21 जून के बीच कुल 153.4 लाख टन खाद की बिक्री हुई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 140.2 लाख टन था।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा गड़बड़ी मामला: चेन्नई, त्रिची और मदुरै सहित 18 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी




**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिक्षक भर्ती परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी और हेरफेर के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तमिलनाडु के विभिन्न शहरों में छापेमारी की है। ईडी की टीमें चेन्नई, त्रिची, कोयंबटूर और मदुरै सहित लगभग 18 परिसरों (ठिकानों) पर व्यापक तलाशी अभियान चला रही हैं। इस मामले में केंद्रीय एजेंसी मनी लॉन्ड्रिंग के नजरिये से जांच को आगे बढ़ा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी की यह कार्रवाई वर्ष 2017 में केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी (एफआईआर) के आधार पर की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने जांच पूरी कर वर्ष 2021 में अदालत के समक्ष आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया था। पुलिस की इसी चार्जशीट को संज्ञान में लेते हुए ईडी ने मामला दर्ज किया था और अब इसी सिलसिले में साक्ष्य जुटाने के लिए यह छापेमारी की जा रही है। मंगलवार सुबह शुरू हुई यह कार्रवाई संबंधित शहरों में संदिग्धों और मामले से जुड़े लोगों के आवासीय व व्यावसायिक ठिकानों पर एक साथ जारी है। ईडी के अधिकारी विभिन्न दस्तावेजों, वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड और डिजिटल उपकरणों की जांच कर रहे हैं। एजेंसी को अंदेशा है कि परीक्षा में हेरफेर के बदले बड़े पैमाने पर अवैध धन का लेन-देन किया गया था। फिलहाल मामले में आगे की विस्तृत जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा: अजीत डोभाल

एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों की यहां आयोजित बैठक में कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच बनी समझ का भारत स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं को कम करेगा तथा उर्वरक, रसायन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर करेगा। इससे क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा। डोभाल ने 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक में वैश्विक चुनौतियों के बीच ब्रिक्स की अहम भूमिका को रेखांकित किया। डोभाल ने कहा कि दुनिया इस समय सैन्य संघर्षों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों जैसी जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समाधान के पारंपरिक तंत्र कमजोर पड़ रहे हैं और ऐसे समय में ब्रिक्स की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एनएसए ने कहा कि बहुपक्षवाद कमज़ोर हो रहा है। ब्रिक्स की कल्पना उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के एक अनौपचारिक समूह के तौर पर की गई थी, ताकि एक ज़्यादा बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा, "उथल-पुथल और तेज़ी से बदलते इस दौर में जहां झगड़े सुलझाने के पुराने तरीके बेअसर होते दिख रहे हैं, हमारी एक बहुत खास भूमिका है। एक समूह के तौर पर हम क्या भूमिका निभा सकते हैं, इस पर विचार करना हमारे लिए ज़रूरी है। डोभाल ने कहा कि साइबर खतरों, आतंकवाद के नए स्वरूपों और विघटनकारी तकनीकों जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरे राष्ट्रीय सीमाओं से परे फैल चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास और नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का गठन उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मंच के रूप में अधिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था, आर्थिक सहयोग और वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया था। डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स शांति, प्रगति, विकास और सहयोग में विश्वास रखने वाले देशों का अनूठा समूह है, जो लगातार मजबूत हो रहा है।

## अन्ना हजारे आरटीआई नियमों के खिलाफ करेंगे अनशन



**मुंबई**। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने महाराष्ट्र सरकार के नए आरटीआई नियमों का विरोध करते हुए 5 जुलाई से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि यदि 12 जून को लागू किए गए संशोधित नियमों को तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो वे अपने गांव रालेगण सिद्धि में भूख हड़ताल शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में अन्ना हजारे ने नए नियमों पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा कि महाराष्ट्र आरटीआई नियम, 2026 सूचना के अधिकार कानून की मूल भावना को कमजोर करते हैं। उनका आरोप है कि इन प्रावधानों से नागरिकों के लिए सरकारी सूचनाएं प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा। हजारे ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में नए नियम नागरिकों के सूचना पाने के अधिकार को सीमित करने वाले साबित हो सकते हैं। उन्होंने सरकार से इन नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

## अल नीनो की चुनौती से निपटने को सभी जिलों के लिए आकस्मिक योजना तैयार: शिवराज



**नई दिल्ली**। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश और दुनिया इस समय अल नीनो की चुनौती का सामना कर रहे हैं, जिसका असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ सकता है। यह चिंता का विषय जरूर है, लेकिन सरकार हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कृषि मंत्रालय में यहां मंगलवार को आयोजित बैठक में शिवराज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार समस्याओं के आने का इंतजार नहीं करती, बल्कि पहले से रणनीति बनाकर तैयारी करती है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों के हितों की रक्षा करना और संभावित आपदा को अवसर में बदलना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अल नीनो के प्रभाव को कम करने के लिए वैज्ञानिक प्रोटोकॉल और विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार कार्य किया जा रहा है। दृष्टिकोण केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि पहले से तैयारी करने वाला होना चाहिए। उन्होंने बताया कि आईसीएआर क्रीड़ा ने देश के सभी जिलों के लिए अल नीनो से निपटने को लेकर कंटींजेंसी (आकस्मिक) प्लान तैयार कर लिए हैं। सरकार की प्राथमिकता इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है, ताकि जरूरत पड़ने पर इन्हें तुरंत जमीन पर उतारा जा सके।

## संविधान लेकर चलने वालों के नक्सली हिंसा के चरम पर हाथ कांपते थे : पीएम मोदी

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में दशकों से जारी नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कांग्रेस पर परोक्ष हमला बोलकर कहा कि जो लोग आज संविधान दिखा रहे हैं, नक्सली हिंसा के चरम पर उनके हाथ कांपते थे। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने जोर दिया कि दशकों तक ऐसा लगा कि हिंसा का यह दुर्भाग्य इस तरह बना रहेगा, लेकिन उनकी सरकार ने राष्ट्र प्रथम के संकल्प को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने नक्सल प्रभावित इलाकों को सिर्फ पिछड़ा क्षेत्र करार देकर छोड़ दिया था, जबकि एनडीए सरकार ने उन क्षेत्रों को बदलने की चुनौती स्वीकार की। मोदी सरकार ने वहां के निवासियों को निराशा से बाहर कर प्रगति की उम्मीदें जगा दी। प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संदर्भ में देखा जा रहा है, जिन्हें हाल के लोकसभा चुनावों के बाद सांसद के तौर पर शपथ लेते समय और अन्य मौकों पर संविधान की प्रति हाथ में लहराते हुए देखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार के मूल मंत्र नेशन फर्स्ट पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि बीते 12 सालों में केंद्र सरकार के हर फैसले और हर प्रयास के केंद्र में यही भावना रही है। स्वच्छ भारत अभियान, मेक इन इंडिया, खादी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे कदम इसी नेशन फर्स्ट सोच का हिस्सा हैं। उन्होंने हाल ही में जी-7 शिखर सम्मेलन के अनुभव को साझा कर कहा कि दुनिया के नेताओं ने महसूस किया कि आज का भारत नेशन फर्स्ट के सिद्धांत पर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने मध्यम वर्ग को मिली आर्थिक राहतों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 2013-14 में 2 लाख रुपए से अधिक की आय पर टैक्स दिया जाता था, जबकि अब 12 लाख रुपए सालाना तक की आय पर कोई टैक्स नहीं है।

## पाइपलाइन के जरिए जल संरक्षण के साथ व्यापक होगी वितरण व्यवस्था: सीआर पाटिल

एजेंसी। नई दिल्ली



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ यमुना जल परियोजना से संबंधित बैठक में भाग लिया। बैठक में परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही, किशाऊ बांध परियोजना से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। जल शक्ति मंत्री पाटिल ने कहा कि 'जल है तो कल है' की भावना के साथ राज्यों के बीच समन्वय स्थापित कर जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यमुना जल परियोजना को प्रभावी एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। परियोजना के तहत पानी को पारंपरिक नहर प्रणाली की बजाय पाइपलाइन के माध्यम से पहुंचाने का प्रस्ताव है, जिससे जल संरक्षण सुनिश्चित होने के साथ ही वितरण व्यवस्था अधिक व्यापक बनेगी। उन्होंने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना से जुड़े छह राज्यों के मुद्दों का भी समाधान हो गया है और शीघ्र ही उससे संबंधित एमओए भी किया जाएगा। इससे राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित अन्य राज्यों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से भविष्य में जल संबंधी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यमुना जल परियोजना राजस्थान विशेषकर शेखावाटी क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास तथा लाखों लोगों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र एवं हरियाणा सरकार के सहयोग से परियोजना को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दशकों से लंबित परियोजनाओं को गति मिल रही है तथा राज्यों के बीच जल संबंधी मुद्दों का सकारात्मक समाधान निकल रहा है।

## राज्यसभा सदस्यता समाप्त होने पर कुरियन ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री रहे जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी आधिकारिक बयान में पुष्टि की गई कि प्रधानमंत्री की सलाह पर संविधान के अनुच्छेद 75(2) के तहत जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है, जिसके साथ ही वह अब केंद्रीय मंत्रिपरिषद का हिस्सा नहीं रहे। इस अचानक हुए इस्तीफे ने कई सवाल खड़े किए, लेकिन इसका मुख्य कारण एक संवैधानिक बाध्यता रही है। दरअसल, जॉर्ज कुरियन को प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया था, लेकिन उनकी नियुक्ति राज्यसभा सदस्य के रूप में हुई थी। भारतीय संविधान के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को केंद्रीय मंत्री पद पर बने रहने के लिए संसद के किसी एक सदन (लोकसभा या राज्यसभा) का सदस्य होना अनिवार्य है। कुरियन की राज्यसभा सदस्यता की अवधि हाल ही में पूरी हो गई थी, और उन्हें इस बार दोबारा राज्यसभा के लिए नामित नहीं किया गया।

## अयोध्या: चढ़ावे में आए पैसे गिनने वालों के कपड़ों में नहीं होगी जेब

**अयोध्या**। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे की गिनती में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रही विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच का असर अब मंदिर की व्यवस्थाओं पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इस जांच के बीच, बैंक प्रबंधन ने चढ़ावा गिनने वाले कर्मचारियों के लिए एक नया और सख्त ड्रेस कोड लागू कर दिया है, जिसके तहत अब गणना कर्मियों की वर्दी में कोई जेब नहीं होगी। यह कदम चढ़ावा प्रकरण की एसआईटी जांच के बीच अनुबंध के कड़ाई से अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। जांच के दायरे में आए कुछ कर्मचारियों को कार्यमुक्त भी कर दिया गया है। राममंदिर भवन निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने एक इंटरव्यू में सीधे तौर पर बैंक प्रबंधन को इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया था। उनका कहना था कि जब बैंक के साथ अनुबंध में स्पष्ट नियम बनाए गए थे, तो गणना कर्मियों ने उनकी अनदेखी क्यों की। बताया जाता है कि बैंक ने बनारस की एक आउटसोर्सिंग कंपनी के जरिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को कर्मचारी उपलब्ध कराए थे और उनकी सैलरी भी उसी कंपनी के जरिए दिलवाई गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता का अमर प्रतीक : डॉ. संतोष सुमन

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर शिक्षाविद् एवं महान राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारत की अखंडता के प्रति अटूट समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।डॉ. सुमन ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और संप्रभुता के लिए संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का उनका संकल्प राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनका त्याग और राष्ट्रभक्ति आज भी करोड़ों देशवासियों को प्रेरित करती है।उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है और उसकी एकता एवं अखंडता के लिए निरंतर सजग रहना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उनके विचार और आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे।डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में डॉ. मुखर्जी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।अंत में उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।

### नीतीश मॉडल का परिणाम, उद्योगों की स्थापना से रोजगार सृजन को मिल रहा बल : जदयू

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने जारी बयान में कहा कि हाजीपुर में लगभग 17 करोड़ 25 लाख रुपये के निवेश से अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना को मिली स्वीकृति बिहार में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह परियोजना न केवल लगभग 200 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर कृषि एवं खाद्य आधारित अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान करेगी। यह उपलब्धि नीतीश कुमार द्वारा पिछले दो दशक में अपनाई गई दूरदर्शी औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। बिहार में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने, औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार करने तथा निवेशकों को पारदर्शी एवं सरल प्रक्रियाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार किए गए प्रयासों का ही यह सकारात्मक परिणाम है। नीतीश कुमार की तत्कालीन सरकार ने बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, औद्योगिक क्षेत्र विकास, तथा उद्यमियों के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था जैसे अनेक सुधारात्मक कदम उठाए। इन्हीं नीतिगत पहलों के कारण आज राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के निवेशक बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए आगे आ रहे हैं। गोरौल में स्थापित होने वाली यह खाद्य प्रसंस्करण इकाई इस विश्वास का प्रमाण है कि बिहार अब केवल उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि विनिर्माण और मूल्य संवर्धन का उभरता हुआ केंद्र बन रहा है।

### गिग वर्कर्स के लिए निर्मित एसी लाउंज का मंत्री ने किया निरीक्षण

**पटना।** नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने आज पटना में गिग वर्कर्स के लिए गांधी मैदान गेट नंबर- 4 के समीप एवं आयकर गोलंबर के समीप निर्मित अत्याधुनिक एयर-कंडीशंड (एसी) लाउंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाउंज में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया तथा इसके सुचारु संचालन एवं रखरखाव के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि बदलती शहरी अर्थव्यवस्था में गिग वर्कर्स की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। खाद्य सामग्री, आवश्यक वस्तुओं एवं विभिन्न सेवाओं की त्वरित डिलीवरी सुनिश्चित करने में इनकी महत्वपूर्ण भागीदारी है। ऐसे कर्मियों के लिए बेहतर कार्य परिवेश एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह श्रमिक कल्याण एवं समावेशी शहरी विकास की दिशा में बिहार सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि पटना देश का तीसरा शहर है, जहाँ गिग वर्कर्स के लिए विशेष रूप से एसी लाउंज की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा स्विगी, जोमैटो एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जुड़े डिलीवरी पार्टनर्स तथा गिग वर्कर्स को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई है, जो दिनभर विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करते हैं।लाउंज में गिग वर्कर्स के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, स्वच्छ वातावरण तथा विश्राम की अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। इससे उन्हें भीषण गर्मी, वर्षा एवं अन्य प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के दौरान राहत मिलेगी तथा वे अपने कार्य के बीच विश्राम कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने स्विगी, जोमैटो एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जुड़े गिग वर्कर्स से उनके कार्य अनुभव, दैनिक चुनौतियों तथा आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उनकी बातों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर गिग वर्कर्स ने एसी लाउंज जैसी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार एवं विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इसे उनके लिए अत्यंत उपयोगी पहल बताया।निरीक्षण के दौरान यशपाल मीणा,नगर आयुक्त सह प्रबंध निदेशक पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में बीते दो दशकों की ऐतिहासिक उपलब्धियां पार्टी की अमूल्य धरोहर : विजय कुमार चौधरी

» विकास कार्यों का निरंतर जमीनी स्तर पर निरीक्षण करते हैं नीतीश कुमार : शीला मंडल

**पटना।** जदयू प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं मंत्री शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजन एवं कार्यकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गत 21 जून को जदयू राष्ट्रीय परिषद की बैठक में सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राज्य परिषद में उमेश सिंह कुशवाहा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन का न केवल सर्वसम्मति से अनुमोदन हुआ, बल्कि उपस्थित सभी साथियों ने प्रसन्नता भी व्यक्त की। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार ने स्पष्ट रूप से आश्वस्त किया है कि वह संगठन को और अधिक समय देंगे, जिससे देशभर के जदयू कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि जदयू के सदस्यता अभियान 2025-28 को ऐतिहासिक सफलता मिली है, जिसके तहत पार्टी के प्राथमिक सदस्यों की संख्या 1 करोड़ को पार कर गई है, जो जनता के बीच जदयू की बढ़ती लोकप्रियता का परिचायक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीते दो दशकों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जो विकास कार्य हुए हैं, वे पार्टी की अमूल्य धरोहर हैं। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इन उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। भोजपुर की घटना पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को शासन एवं न्याय व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास रखना चाहिए। सरकार इस मामले को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वयं इस घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। मामले की तह तक जाकर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री शीला मंडल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नीतीश कुमार निरंतर विकास कार्यों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण करते हैं और स्वयं जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनते एवं समझते हैं। यह कार्यक्रम जन-सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

# बलिदान दिवस के मौके पर अगले वर्ष डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर समर्पित होगा भव्य नया पार्क : मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



» 2019 में भारत की जनता ने मोदी को इतनी ताकत दी कि उन्होंने कश्मीर से धारा 370 को उखाड़ फेंका

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) के अवसर पर अटल सभागार, भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए तथा उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत् शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कहा कि डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रहित, अखंड भारत और सांस्कृतिक स्वाभिमान के प्रति समर्पित जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी राष्ट्रसेवा और बलिदान को देश सदैव स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि पंडित चाणक्य के बाद यदि देश को एक करने वाले कोई नेता थे ,तो वे डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, जिन्होंने अखंड भारत के सपने को साकार किया। भारतीय जनता पार्टी की कई पीढ़ियों से यह नारा चला आ रहा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे, यह नारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिया था। उन्होंने कहा कि जब इस देश में लोकतंत्र खतरे में था तो जनसंघ के लोगों ने देश को बचाने के लिए पार्टी को विलीन कर दिया। इसके बाद 1980 में भाजपा का उदय हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने लोकतंत्र को व्यवस्थित किया। वर्ष 2019 में भारत की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी को इतनी ताकत दी कि उन्होंने कश्मीर से धारा 370 को उखाड़ फेंका। उन्होंने कहा कि हमलोगों के लिए देश पहले है फिर व्यक्ति और उसके बाद पार्टी। उन्होंने कहा कि पहले 1984 में जहां भाजपा के केवल 2 सांसद थे वहीं वर्ष 2014 में 282 सांसद निर्वाचित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल इसी दिन हमलोग डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के नाम पर एक भव्य नया पार्क लोगों को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में लगभग 27-28 पार्टियों का गठबंधन बना था और आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भी लगभग 27-28 पार्टियों के गठबंधन की सरकार है। श्री नरेंद्र मोदी को सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको नमन करता हूं। आज पूरा भारत उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल, विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल, पूर्व विधायक पवन जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संग में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने निजी सहायक पर लगाया चोरी का आरोप

नई सोच एक्सप्रेस



» पटना के सचिवालय थाने में दी लिखित शिकायत

**पटना ।** बिहार की राजनीति से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव के पटना स्थित आवास पर लाखों रुपये की चोरी का मामला सामने आया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। जानकारी के मुताबिक इस मामले को लेकर पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने अपने निजी सहायक मोतीलाल राय पर पार्टी फंड के 20 लाख रुपए नगद, चार आई फोन और दो लैपटॉप समेत कीमती सामान की चोरी का आरोप लगाया है। सचिवालय थाना में दायर प्राथमिकी में उक्त सामानों के अलावा दो तोले सोने की चेन और अंगूठी की चोरी का भी आरोप लगाया गया है। तेज प्रताप यादव ने प्राथमिकी में लिखा है कि चोरी 22 जून की रात 11 बजे हुई, जिसका गवाह उनकी गाड़ी का ड्राइवर और गार्ड है, जिन्होंने मोतीलाल को बैग के साथ बाउंड्री के पार जाते देखा। मोतीलाल वो शख्स हैं, जो साए की तरह तेज प्रताप यादव के साथ रहते थे। वो हर जगह उनके साथ जाते थे। यहां तक कि जहाज उड़ाने की ट्रेनिंग भी दोनों एक साथ ले रहे थे। लेकिन अब मोतीलाल पर चोरी का आरोप लगा है। तेज प्रताप का इन दिन अनुष्का के भाई आकाश यादव से विवाद चल रहा है। उसी के बीच यह घटना सामने आई है। तेज प्रताप यादव ने पुलिस से एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच, आरोपी की गिरफ्तारी और चोरी गए नकद व सामान की बरामदगी की मांग की है। इस बीच यह भी जानकारी मिली है कि शिकायत के बाद अब उन्होने एक और बड़ा ऐक्शन लेते हुए मोतीलाल को पार्टी से निकाल दिया है। इधर शिकायत मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई और आवश्यक जांच में जुट गई।

# तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, नामांकन, प्लेसमेंट, आधारभूत संरचना, अनुसंधान तथा विभाग की आगामी कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों में चरणबद्ध रूप से "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाए, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित विज्ञान केंद्रों एवं साइंस पार्कों के साथ तकनीकी संस्थानों का समन्वय स्थापित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों को विज्ञान एवं नवाचार के प्रति प्रेरित करने के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित किये जायें। अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों की उपलब्धियों, अवसंरचना, प्रयोगशालाओं, प्लेसमेंट तथा छात्र-छात्राओं की सफलता पर आधारित उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो तैयार कर संस्थानों की विशिष्टताओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जाए ताकि अधिकाधिक छात्र तकनीकी शिक्षा के प्रति आकर्षित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक अभियंत्रण महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक संस्थान में विद्यार्थियों को रोजगार की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए नियमित रूप से कार्यशालाओं, सेमिनारों एवं विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया जाए। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों तथा उद्योगों के साथ सहयोग बढ़ाने और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक औद्योगिक अनुभव उपलब्ध हो, इसके लिये कार्य किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के तकनीकी संस्थानों में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए विचारों और शोध कार्यों को प्रोत्साहित कर बिहार को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिये योजनाबद्ध ढंग से काम करें। सभी अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, उपकरणों के नियमित उन्नयन तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो, साथ ही संस्थानों की वेबसाइट एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म को अद्यतन रखने तथा विद्यार्थियों को सभी आवश्यक जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में तकनीकी शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन के लिए समर्पित प्रशिक्षण एवं ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की संभावनाओं पर भी कार्य करें। तकनीकी शिक्षा को रोजगार, उद्यमिता और नवाचार से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमलोग चाहते हैं कि बिहार के बच्चे बिहार में ही पढ़ें और नौकरी एवं रोजगार प्राप्त करें।

# बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी विनम्र श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) के अवसर पर अटल सभागार, भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए तथा उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत् शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको नमन करता हूं। आज पूरा भारत उनके साथ खड़ा है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रहित, अखंड भारत और सांस्कृतिक स्वाभिमान के प्रति समर्पित जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी राष्ट्रसेवा और बलिदान को देश सदैव स्मरण रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत के सपने को साकार किया। भारतीय जनता पार्टी की कई पीढ़ियों से यह नारा चला आ रहा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे, यह नारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतंत्र को व्यवस्थित किया। वर्ष 2019 में भारत की जनता ने नरेन्द्र मोदी को इतनी ताकत दी कि उन्होंने कश्मीर से धारा 370 को उखाड़ फेंका। उन्होंने कहा कि हमलोगों के लिए देश पहले है फिर व्यक्ति और उसके बाद पार्टी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल इसी दिन हमलोग डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर एक भव्य नया पार्क लोगों को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में लगभग 27-28 पार्टियों का गठबंधन बना था और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भी लगभग 27-28 पार्टियों के गठबंधन की सरकार है। नरेंद्र मोदी को सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल, विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल, पूर्व विधायक पवन जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मान्यता प्राप्त ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान का प्रमाणपत्र होगा अनिवार्य : मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

» बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में लिये गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**पटना।** लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदकों को राज्य में निबंधित ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके लिए बिहार मोटरगाड़ी नियमावली में संशोधन किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य नए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार के प्रति बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करना है। यह निर्णय मंगलवार को बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में लिया गया। परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत की अध्यक्षता में मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के नोडल पदाधिकारियों सहित सड़क सुरक्षा परिषद से जुड़े सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया। बैठक में सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया तथा कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में परिवहन सचिव राज कुमार, एडीजी मुख्यालय सुधांशु कुमार, बीएसआरटीसी प्रशासक अतुल कुमार वर्मा, अपर सचिव प्रवीण कुमार, उप सचिव अरुणा कुमारी आदि उपस्थित थे।वर्तमान में बिहार में लगभग 41 निबंधित ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल संचालित हैं जहां प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा आधुनिक मानकों के अनुरूप ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मोटर वाहन चालन प्रशिक्षण संस्थान कुल 66 खोलने के लिए स्वीकृति दी गई है, जिसमें 41 खुल चुके हैं एवं 25 निर्माणाधीन है। वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी जिलों का वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया गया है। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित एक मानक मार्गदर्शिका (रोड सेफ्टी गाइडलाइन) भी तैयार कर सभी जिलों को उपलब्ध करा दी गई है। इसी मार्गदर्शिका के आधार पर राज्य के सरकारी एवं गैर-सरकारी वाहन चालकों को नियमित रूप से सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि बिहार सरकार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित चालक ही सुरक्षित यातायात व्यवस्था की सबसे मजबूत कड़ी होते हैं। एलएमवी लाइसेंस के लिए मान्यता प्राप्त ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान का प्रमाणपत्र अनिवार्य करने का निर्णय सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सड़क सुरक्षा अभियानों को और प्रभावी बनाने तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का निर्देश दिया।परिवहन सचिव राजकुमार ने कहा कि विभाग सड़क सुरक्षा को व्यवहारिक रूप से मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण आधारित मॉडल पर विशेष जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के लिए वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर और सड़क सुरक्षा मार्गदर्शिका तैयार कर दी गई है। इसका उद्देश्य सरकारी एवं गैर-सरकारी वाहन चालकों को यातायात नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग तकनीकों और जिम्मेदार सड़क उपयोग के प्रति प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षित चालक न केवल अपनी बल्कि अन्य सड़क उपयोगकतार्ओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग भविष्य में भी सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रशिक्षण, जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर संचालित करेगा, जिससे बिहार में सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

# दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक में रेल विकास पर हुई चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** महेन्द्रू घाट स्थित दानापुर मंडल कार्यालय में मंगलवार को मंडल संसदीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने की। इसमें राज्यसभा एवं लोकसभा के कई सांसदों तथा उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सांसदों ने रेल विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के संबंध में सुझाव दिए। भविष्य की रेल विकास योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने सांसदों का स्वागत करते हुए दानापुर मंडल में यात्री सुविधाओं, अधोसंरचना विकास और नई परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। पाटलिपुत्र में वंदे भारत अनुरक्षण डिपो, हार्डिंग पार्क में पांच नए प्लेटफॉर्म, राजगीर कोचिंग कॉम्प्लेक्स तथा फतुहा मेगा कोचिंग टर्मिनल जैसी परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने सांसदों के सुझावों को रेल विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# भारत तिवारी की हत्या की न्यायिक जांच हेतु राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया : अजय वर्मा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारतीय जन क्रांति दल (डेमोक्रेटिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वर्मा ने सामाजिक कार्यकर्ता भारत तिवारी की हत्या को लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर गंभीर हमला बताते हुए राष्ट्रपति को विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में इस घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। अजय वर्मा ने कहा कि भारत तिवारी समाज के शोषित, वंचित और पीड़ित वर्गों की आवाज थे। वे लगातार जनहित के मुद्दों को उठाते रहे और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। उनकी हत्या ने बिहार की कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और नागरिक सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जन क्रांति दल (डेमोक्रेटिक) का मानना है कि भारत तिवारी की हत्या की सच्चाई देश के सामने आनी चाहिए। किसी भी सभ्य लोकतंत्र में सामाजिक कार्यकतार्ओं की हत्या अत्यंत चिंताजनक विषय है और यदि इस मामले में दोषियों को संरक्षण मिला तो जनता का न्याय व्यवस्था से विश्वास कमजोर होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रपति से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच किसी वर्तमान अथवा सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित न्यायिक आयोग से कराई जाए। साथ ही जिन पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है, उन्हें जांच पूरी होने तक प्रभावशाली पदों से हटाया जाए और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए।

# पेपर लीक के खिलाफ बिहार में कांग्रेस करेगी बड़ा छात्र आंदोलन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और बार-बार परीक्षाएं रद्द होने से छात्रों को हो रही परेशानी के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी बिहार में बड़े छात्र आंदोलन की तैयारी में जुट गई है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों तथा कनेक्ट सेंटर के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार शामिल हुए। बैठक की शुरूआत नीट पेपर लीक प्रकरण के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद छात्रों को न्याय दिलाने और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था के खिलाफ व्यापक संघर्ष खड़ा करने का संकल्प लिया गया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं की जिम्मेदारियां तय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षाओं के रद्द होने से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। मेहनत और प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ने का सपना देखने वाले युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। कांग्रेस पार्टी छात्रों की इस पीड़ा और संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। हम राज्यभर में छात्रों की आवाज को बुलंद करेंगे और उन्हें न्याय दिलाने के लिए व्यापक आंदोलन चलाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि छात्रहित कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकतार्ओं से छात्रों की आवाज बनने और उनके अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में राज्यभर में छात्र-युवा वर्ग को जोड़ते हुए बड़े जनआंदोलन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। एनएयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने प्रस्तावित छात्र आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और संगठन को गांव-गांव तथा कॉलेज-कॉलेज तक सक्रिय करने पर बल दिया।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### बांका के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जवाहर कुमार झा कांग्रेस में शामिल

**पटना।** बांका से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता जवाहर कुमार झा आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। श्री झा विगत 2025 में बांका विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था।इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जवाहर कुमार झा का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे सभी सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकतार्ओं का स्वागत करती है जो जनता की आवाज को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। जवाहर कुमार झा के कांग्रेस परिवार में शामिल होने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी तथा बांका सहित पूरे क्षेत्र में कांग्रेस की जनाधार बढ़ाने की मुहिम को नया बल मिलेगा।इस अवसर पर जवाहर कुमार झा ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को लेकर पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पित रहेंगे।इस अवसर पर पार्टी के नेता बैद्यनाथ शर्मा ,मनोज शर्मा , कमलदेव नारायण शुक्ला , राहुल चौहान, अमित आनंद, उदय शंकर पटेल ,सतेंद्र कुमार सिंह शशि कुमार सिंह मौजूद थे।

### केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री से मिला चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल

**पटना।**बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष पीके अग्रवाल के नेतृत्व में वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में उनके कार्यालय कक्ष में मिला। चैम्बर अध्यक्ष पीके अग्रवाल ने बताया कि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बिहार के उद्योग एवं व्यापार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली और राज्य के औद्योगिक विकास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने हेतु हर सम्भव सहयोग एवं मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर मंत्री से चैम्बर का चल रहा शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में पधारने का आग्रह किया गया साथ ही शताब्दी वर्ष सिक्का जारी कराने का भी आग्रह किया गया। मंत्री ने चैम्बर के आमंत्रण पर विचार करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष एनके ठाकुर, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी एवं कार्यकारिणी सदस्य अरुण कुमार एवं सुमित कुमार थे।

### दो जुलाई को छह शिक्षा साझेदारों के साथ होगा करार

» शिक्षा मंत्री की उपस्थिति में एमओयू पर होगा हस्ताक्षर, बदलेगी तस्वीर

» सभी साझेदार गैर-लाभकारी, विभाग को नहीं देनी होगी कोई राशि

**पटना।** राज्य के सरकारी विद्यालय के बच्चों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने और उनके कमजोर पक्ष को पहचानने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग छह शिक्षा साझेदारों के साथ करार करने जा रहा है। ये सभी साझेदार गैर-लाभकारी हैं और विभाग को इनके सहयोग के एवज में कोई राशि नहीं देनी होगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने खुद पहल कर इन सभी छह संस्थाओं को आमंत्रित किया है। आगामी दो जुलाई को शिक्षा मंत्री की उपस्थिति में सभी साझेदारों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर होगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि ये साझेदार दूसरी से दसवीं कक्षा तक के बच्चों की पढ़ाई की कमजोरियों की पहचान के साथ-साथ उनके नियमित अभ्यास पर फोकस करेंगे। इसके अलावा शिक्षकों की सहायता और विद्यालयों की समीक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि सभी साझेदार आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास का बेहतर उपयोग करने में भी मदद करेंगे। एक स्टेप फाउंडेशन संस्था कक्षा 2 से 8 तक के बच्चों को हिन्दी, अंग्रेजी और गणित में डिजिटल अभ्यास कराएगी। यह कार्य पहले उन विद्यालयों में शुरू होगा जहां आईसीटी या कंप्यूटर लैब उपलब्ध हैं। वहीं एलईएचएस वधनानी एआई कक्षा 2 से 5 तक के बच्चों की पढ़ने की क्षमता जांचेगी। इससे पढ़ने में कमजोर बच्चों की पहचान जल्द हो सकेगी। खान एकेडमी का सहयोग कक्षा 6 से 10वीं तक के बच्चों की गणित और विज्ञान की पढ़ाई को मजबूत करने के लिए है। पीआई जैम फाउंडेशनपहली से 9वीं क्लास के बच्चों में डिजिटल कौशल, एआई की बुनियादी समझ, कोडिंग और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करेगी। मंत्रा फार चेंज विद्यालय सुधार, मेंटरिंग और समीक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में मदद करेगी। राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट ह्यसरस्वती विद्या निकेतनह्न के कार्य में भी इस संस्था का सहयोग मिलेगा। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कक्षा 4, 5 और 6 के बच्चों की भाषा और गणित की बुनियादी सीख को मजबूती प्रदान करेगी। पढ़ाई में पीछे रहने वाले बच्चों को विशेष सहायता मिलेगी।

### एसएलबीसी की बैठक में विकास पर चर्चा

**पटना।** मंगलवार राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की 96वीं एवं 97वीं संयुक्त त्रैमासिक बैठक होटल मौर्या ,पटना में सम्पन्न हुई क बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने किया तथा बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मंत्री सूचना, जनसंपर्क एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रवण कुमार, मंत्री सूचना प्रावैधिकी, नगर विकास एवं आवास विभाग, नीतीश मिश्रा, मंत्री डेयरी, मतस्य एवं पशु संसाधन विभाग, नन्द किशोर राम भी उपस्थित थे । उन्होंने भी अपने-अपने विभागों से संबन्धित बैंकों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की और उनमें उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया।बैठक के प्रारम्भ में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने सभा में उपस्थित सभी मंत्री एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य मे कार्यरत बैंको द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उनहोंने कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया जिसमें 100% अउढ लक्ष्य प्राप्ति, साख-जमा अनुपात बढ़ाने तथा राज्य के समुचित वित्तीय विकास की ओर जोर दिया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की 100 % उपलब्धि हासिल करने का संकल्प व्यक्त किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समाप्ति पर राज्य का साख-जमा अनुपात 60% से ऊपर 60.21% होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा इसे राष्ट्रीय औसत के पास ले जाने के लिये चर्चा की। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये वार्षिक साख योजना के अंतर्गत रुपए 4,95,000 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया जो पिछले वर्ष के लक्ष्य के तुलना में 47.32 % ज्यादा है। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, नेबिहार कृषि ऋण पोर्टल का लोकार्पण किया। राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की इस बैठक को विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, सचिव वित्त विभाग संजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक सुजीत कुमार अरबिंद एवं मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड गौतम कुमार सिंह ने भी संबोधित किया तथा विभिन्न लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धियों की समीक्षा की। अंत में योगेन्द्र शेलके, महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक एवं संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति हुई क सभा का संचालन कुमार रणजीत, सहायक महाप्रबंधक, राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति बिहार ने किया क इस बैठक में राज्य में कार्यरत सभी बैंकों के साथ सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा वी. सी. के माध्यम से जिला प्रशासन तथा जिलों के अग्रणी जिला प्रबन्धक जुड़े हुए थे ।

# अग्निशमन विभाग ने पटना के कोचिंग संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



» फायर सेफ्टी कमियां तत्काल दूर करने का दिया निर्देश

**पटना।**पटना में कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। लखनऊ में हुई भीषण अग्निकांड के बाद पटना अग्निशमन विभाग ने बड़ा जांच अभियान चलाया है। मंगलवार को खान ग्लोबल स्टडीज सहित शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों के मुताबिक अब तक जांचे गए लगभग सभी संस्थानों में आग से बचाव और सुरक्षा मानकों में किसी न किसी स्तर पर फायर सेफ्टी संबंधी बड़ी खामियां मिली हैं, जिनमें प्रमुख हैं - पर्याप्त इमरजेंसी एग्जिट की कमी, फायर अलार्म सिस्टम में खामियां, स्प्रिंकलर सिस्टम का अभाव, आपातकालीन सीढ़ी का अधूरा निर्माण, फायर डिटेक्टर सिस्टम का पूरी तरह ऑटोमैटिक न होना, इलेक्ट्रिक पैनल के नीचे बैठने की व्यवस्था आदि। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के डीआईजी ने कहा कि इलेक्ट्रिक पैनल के नीचे सीटिंग अरेंजमेंट सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं है। विभाग ने इन सभी संस्थानों को नोटिस जारी कर सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने का कड़ा निर्देश दिया है। यदि निर्धारित समय में सभी कमियों को दूर नहीं किया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अनुसार जरूरत पड़ने पर कोचिंग सेंटर को सील भी किया जा सकता है। इसलिए आने वाले दिनों में विभाग की अगली जांच काफी महत्वपूर्ण होगी। छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कोचिंग सेंटर्स को अब नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। खान ग्लोबल स्टडीज में फायर सेफ्टी विभाग की दोबारा जांच के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आई हैं। विभाग ने संस्थान को फिर से नोटिस जारी करते हुए 10 दिनों के भीतर सभी कमियां दूर करने का निर्देश दिया है। पिछले 15 दिनों में दूसरी बार कोचिंग सेन्टर को नोटिस मिला है।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन में निःशुल्क इंटर्नशिप का अवसर



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**प्रेम यूथ फाउंडेशन ने युवाओं के लिए निःशुल्क सोशल इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया है। "सेवा ही संकल्प है" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में 12वीं से लेकर पीजी तक के 17 से 25 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। फाउंडेशन के संरक्षक संजय कुमार झा ने बताया कि इंटर्नशिप पूरी तरह निःशुल्क होगी। प्रतिभागियों को एनजीओ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, महिला सुरक्षा, पौधारोपण, रक्तदान शिविर और ग्रामीण शिक्षा जैसे क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ ही इवेंट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया, प्रोजेक्ट लेखन और नेतृत्व विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। 60 से 120 घंटे का प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रतिभागियों को सोशल इंटर्नशिप कम्प्लीशन सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इच्छुक छात्र मार्कशीट की प्रति, एक फोटो और 100 शब्दों का संक्षिप्त लेख लेकर फाउंडेशन कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम जी ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को सामाजिक नेतृत्व और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 है। जुलाई बैच में 100 सीटों पर चयन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर होगा।

## कुछ किरदार केवल अभिनय के लिए नहीं होते, वे आत्मा को छू जाते हैं : दिव्या त्यागी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बॉलीवुड और ओटीटी की उभरती हुई अभिनेत्री दिव्या त्यागी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'शेल्टर होम' को लेकर सुर्खियों में हैं। समाज के सबसे कमजोर और बेसहारा तबके की पीड़ा को पर्दे पर उतारने वाली इस फिल्म की सेंसर कॉपी मिल चुकी है, लेकिन टीजर की सेंसर कॉपी अभी तक जारी नहीं होने के कारण फिल्म की आधिकारिक रिलीज डेट की घोषणा नहीं हो पाई है।फिल्म की शूटिंग के दौरान एक ऐसा भावनात्मक क्षण सामने आया जिसने पूरे सेट को भावुक कर दिया। फिल्म के एक महत्वपूर्ण दृश्य में एक ऐसे शेल्टर होम की भयावह सच्चाई दिखाई जा रही थी, जहां मासूम बच्चों को प्रताड़नाओं का सामना करना पड़ता है। इस दृश्य में दिव्या त्यागी को एक बेहद मार्मिक मोनोलॉग बोलना था।जैसे ही फिल्म के निर्देशक ने रोल कैमरा, एक्शन कहा, दिव्या अपने किरदार में पूरी तरह समा गईं। बिना किसी ग्लिसरीन के उन्होंने दर्द और बेबसी को इतने वास्तविक अंदाज में पर्दे पर उतारा कि कुछ ही देर में उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। सीन के दौरान उनकी आवाज भर्रा गई और पूरा सेट खामोशी में डूब गया।शॉट खत्म होने और निर्देशक के कट बोलने के बाद भी दिव्या खुद को संभाल नहीं सकीं। वह सेट के एक कोने में बैठकर काफी देर तक रोती रहीं। उनकी भावनात्मक स्थिति को देखकर सह-कलाकार, निर्देशक और क्रू मेंबर्स तुरंत उनके पास पहुंचे। महिला क्रू सदस्यों ने उन्हें संभाला और शांत कराने की कोशिश की। इस दृश्य को देखने वाले कई लोगों की आंखें भी नम हो गईं।दिव्या त्यागी ने कहा कि कुछ किरदार केवल अभिनय के लिए नहीं होते, वे आपकी आत्मा को छू जाते हैं। शेल्टर होम की स्क्रिप्ट पढ़ते ही मेरी रूह कांप गई थी। कैमरे के सामने मुझे लगा कि मैं किसी किरदार को नहीं निभा रही, बल्कि उन लोगों का दर्द जी रही हूं जिनके पास न घर है, न अपना कोई सहारा। उन्होंने कहा कि दुनिया में लाखों ऐसे लोग हैं जो अकेलेपन और उपेक्षा का जीवन जीने को मजबूर हैं। उनके दर्द को महसूस करना मेरे लिए बेहद भावनात्मक अनुभव रहा।

## योगा इंस्टीट्यूट ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न मनाया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** दुनिया का सबसे पुराना संगठित योग केंद्र और पिछले 107 वर्षों से समग्र स्वास्थ्य शिक्षा की अगुवाई करने वाले मुंबई के सांताक्रूज स्थित द योगा इंस्टीट्यूट (टीवाईआई) ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) को बड़े पैमाने और पूरे जोशो-खरोश के साथ मनाया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' के अनुरूप, इस इंस्टीट्यूट ने सरकारी संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों, कॉरपोरेट दफ्तरों, शैक्षणिक परिसरों, हवाई अड्डों और वैश्विक डिजिटल मंचों के जरिए सैकड़ों कार्यक्रमों आयोजित कर लाखों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की।इस मौके पर डॉ. हंसाजी योगेंद्र ने कहा, बुढ़ापा जीवन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन शारीरिक और मानसिक गिरावट लाजिPमी नहीं है। योग के माध्यम से हम शरीर की ताकत, मन की स्पष्टता, भावनाओं का संतुलन और दिल की खुशी को बरकरार रख सकते हैं। स्वस्थ वृद्धावस्था का मतलब सिर्फ जीवन के वर्षों में इजाफा करना नहीं, बल्कि हर साल में ऊर्जा, आत्मनिर्भरता और मकसद को शामिल करना है।मुंबई से चेन्नई, जयपुर से भुवनेश्वर तक आयोजित इन कार्यक्रमों ने हर उम्र और हर पेशे के लोगों के बीच स्वस्थ वृद्धावस्था का पैगाम पहुंचाया। साथ ही, स्वास्थ्य की देखभाल, मानसिक मजबूती और जागरूक जीवनशैली में योग की अहम भूमिका को भी उजागर किया। 10 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाने, एक लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करने तथा योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त करने वाला द योगा इंस्टीट्यूट आज भी दुनिया भर में प्रामाणिक योग शिक्षा को बढ़ावा देते हुए लोगों को अधिक स्वस्थ और सार्थक जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# सीडीएसएल आईपीएफ ने लॉन्च किया बनो मिस आत्मनिर्भर इन्वेस्टर एंथम

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड (आईपीएफ) ने अपनी आत्मनिर्भर पहल के तहत निवेशक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नया एंथम 'बनो मिस आत्मनिर्भर इन्वेस्टर' जारी किया है। इस एंथम को लोकप्रिय गायिका, अभिनेत्री और कंटेंट क्रिएटर साई गोडबोले ने अपनी आवाज दी है। इसका उद्देश्य महिलाओं को प्रतिभूति बाजार (सिक्योरिटीज मार्केट) में निवेश की दिशा में पहला कदम उठाने तथा आत्मविश्वासी, जागरूक और आत्मनिर्भर निवेशक बनने के लिए प्रेरित करना है। इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए श्री सुधीश पिल्लई, हेड, सीडीएसएल आईपीएफ सचिवालय ने कहा, "'बनो मिस आत्मनिर्भर इन्वेस्टर' एंथम एक सरल लेकिन प्रभावशाली संदेश पर आधारित है कि हर सार्थक यात्रा की शुरुआत पहले कदम से होती है। इस पहल के माध्यम से हम अधिक से अधिक महिलाओं को निवेश की दिशा में पहला कदम उठाने, ज्ञान के माध्यम से आत्मविश्वास विकसित करने और सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। महिलाएं जब अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी स्वयं संभालती हैं, तो वे न केवल अपनी दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करती हैं, बल्कि एक अधिक समावेशी और सशक्त निवेश पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में भी योगदान देती हैं।" इस एंथम को एक आकर्षक और प्रेरणादायक फिल्म के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है, जो एक महिला के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों को दर्शाती है। पहली नौकरी शुरू करने से लेकर नई जिम्मेदारियां संभालने और अपने सपनों को पूरा करने तक की यात्रा को इसमें दिखाया गया है। फिल्म यह संदेश देती है कि हर बड़ी उपलब्धि की शुरुआत झिझक को पीछे छोड़कर पहला कदम उठाने से होती है। निवेश की यात्रा को इसी सोच से जोड़ते हुए यह फिल्म महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ निवेश की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। साथ ही यह बताती है कि शोध, योजना और सही जानकारी के आधार पर लिए गए निर्णय निवेश को सफल बनाते हैं। धन सृजनकर्ता, भविष्य निर्माता और लक्ष्य हासिल करने वाली महिला के रूप में आगे बढ़ने का संदेश देते हुए यह एंथम महिलाओं को अपने वित्तीय भविष्य की कमान स्वयं संभालने और आत्मनिर्भर निवेशक बनने की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। सीडीएसएल आईपीएफ विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता और निवेशक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। आत्मनिर्भर पहल का उद्देश्य विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाली महिलाओं को जिम्मेदारीपूर्वक प्रतिभूति बाजार में भागीदारी के लिए प्रेरित करना और उन्हें दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा हासिल करने में सहायता प्रदान करना है।

## जनहित के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं - जिलाधिकारी



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में सभी प्रखंडों, नगर निकायों, अनुमंडलों एवं जिला-स्तरीय अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय बैठक का आयोजन हुआ। पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था संधारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, भूमि विवादों के प्रभावी निष्पादन एवं अनुश्रवण के लिए सूक्ष्मतम स्तर पर निगरानी करने, किसी भी तरह की आपदा की स्थिति में मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप प्रबंधन सुनिश्चित करने, सहयोग शिविरों का विधिवत संचालन करने एवं प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने, अंतर्विभागीय मामलों का त्वरित समाधान कर विकासात्मक एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ पूर्ण पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ जनहित के कार्यों को निष्पादित करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित के मामलों में किसी भी स्तर पर कोई भी शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुपालन किया जाएगा।

## दानापुर में सोनी कुमारी ने रचा इतिहास ,70वीं बीपीएससी में प्राप्त की 943वीं रैंक

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।** दानापुर की सोनी कुमारी ने 70वीं बीपीएससी में 943वीं रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र में अपना नाम को एक नया पहचान दिया है। मूल रूप से सारण जिले के डोरीगंज स्थित मुसेपुर गांव निवासी आनंदी प्रसाद की बेटी सोनी कुमारी ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार और पूरे समाज का नाम रोशन किया है। सोनी ने 5400 अभ्यर्थियों के बीच 943वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी सफलता से परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। सोनी कुमारी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के समीप स्थित छोटे स्कूल से पूरी की। इसके बाद खलपुरा के निजी विद्यालय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। स्नातक की पढ़ाई के लिए वह दानापुर दानापुर के करंज रोड स्थित अपने मामा रंजीत सिंह के यहां रहकर पटना विमेंस कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। इसके बाद लाइब्रेरी और ऑनलाइन के माध्यम से लगातार मेहनत कर पहली ही कोशिश में बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की। इस बीच सोनी ने बताया कि उनकी सफलता में माता राजकुमारी देवी,पिता आनंदी प्रसाद,जीजा अविनाश कुमार और मामा रंजीत सिंह का अहम योगदान रहा। उन्हें रूरल डेवलपमेंट ऑफिसर का पद मिला है। उन्होंने कहा कि वह प्रशिक्षण के बाद पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी। सोनी ने बताया कि अपने दो भाइयों और एक बहन का भी काफी सहयोग मिला है। सोनी ने तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को संदेश में कहा कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ विश्वास और लगातार मेहनत से कामयाबी अवश्य मिलती है। मां और मामा ने सोनी की कामयाबी पर गर्व जताते हुए कहा कि सोनी ने हमेशा अपने पढ़ाई को प्राथमिकता दे कर आज वह अपने मेहनत से इस मुकाम को प्राप्त किया है।

## हिमालया बेबीकेयर ने 50 हजार नर्सों को किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारत के प्रमुख बेबी केयर ब्रांडों में से एक हिमालया बेबीकेयर ने ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2026 समारोह में भाग लिया। यह पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में प्रदान किए गए। हिमालया बेबीकेयर ने उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली 15 नर्सों को सम्मानित किया। इसके साथ ही कंपनी ने देशव्यापी पहल के तहत भारत भर की लगभग 50,000 नर्सों का भी अभिनंदन किया। इस पहल का उद्देश्य मातृ, नवजात और सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली नर्सों की करुणा, समर्पण और सेवा भावना को सम्मान देना है। देश के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में 10 से 25 वर्षों तक सेवा देने वाली नर्सों को प्रमाण पत्र और विशेष उपहार पैकों के माध्यम से सम्मानित किया गया। हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर निदेशक चक्रवर्ती एनवी ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और माताओं व नवजात शिशुओं की देखभाल में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पहल नर्सिंग समुदाय के प्रति कंपनी की कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। हिमालया बेबीकेयर ने कहा कि वह भविष्य में भी नर्सों को सम्मानित करने और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने वाली पहलों का समर्थन करता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अंजलि ने बीडीओ पद हासिल की



**वैशाली**। बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अंजलि ने सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अंजलि प्रखंड विकास पद अधिकारी के पद पर चयनित होकर पूरे जिले को गोरवान्वित किया है। उसके चयन की खबर सुनकर लोग खुशी से झूम उठे। बताते चलें कि शिक्षक उपेंद्र सिंह एवं माता दीपमाला निवासी गांव सुल्तानपुर की पुत्री है किंतु उसने सफलता हासिल के तौर तरीके राजापाकर पश्चिमी टोला निवासी उसके नाना रामानंद प्रसाद सिन्हा नानी शांति सिन्हा के सानिध्य में रहकर सफलता हासिल करने के तौर तरीके सीखे। उसकी सफलता पर नाना नानी खुशी से फूले नहीं समा रहे। उसने केंद्रीय विद्यालय अरुणाचल प्रदेश में इंटर की परीक्षा पास की। मालूम हो कि उसके नाना अरुणाचल प्रदेश में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। इस दौरान नाना नानी ने उसे राजस्थान भेज दिया जहां वनस्थली विद्या पीठ राजस्थान से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता पिता नाना नानी को दी है। उसकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करने वालों में सीएन सिंह, अरविंद कुमार, विनोद कुशवाहा, अनिल कुमार, राजीव कुमार अमरनाथ चौहान प्रभात कुमार चौधरी आदि शामिल हैं।

### देवी-देवताओं की प्रतिमा का नगर भ्रमण

**जमुई**।ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सुरेशपुरम जमुई के समक्ष अवस्थित श्री सर्वदेव दिव्य धाम" में प्राण-प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को बनारस से लाई गई देवी-देवताओं की प्रतिमा को देव दर्शन के लिए नगर भ्रमण कराया गया। महायज्ञ के चौथे दिन मंदिर का श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की। पूरे शहर में अनुरागियों ने नामित देवी-देवताओं की सुसज्जित मूर्तियों को घुमाया। मंदिर परिसर से शोभा यात्रा आरंभ हुआ जो शहर के मुख्य मार्गों से गुजरता हुआ पुनः धाम पहुंचा। भजन गायन आतिशबाजी ढोल-नगाड़े एवं ईश्वर के जयकारे से वातावरण भक्तिमय अवलोकित हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण धूप दीप से सजे वाहन पर ईश्वर की प्रतिमा को रखा गया था। देव दर्शन में शहर के नागरिक भक्ति से अनुराग रखने वाले महात्मा व बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। देवी और कन्याओं की बहुलता नजर आई। महात्मा यज्ञाचार्य श्यामदेव पांडे ने बताया कि जहां यज्ञ कार्य होता है , वह स्थान दैवीय कृपा से युक्त स्थान बन जाता है। सुरेशपुरम में चार दिन से यज्ञ स्थल से उठने वाली धूप दीप नैवेद्य युक्त हवाओं ने वातावरण की परिशुद्धि कर दी है। वैदिक मंत्रोच्चारण से प्राणियों के पाप मिट गए हैं। बताया कि गणेश सरस्वती विष्णु-लक्ष्मी शिव-पार्वती हनुमान कार्तिक मां दुर्गा राधा-कृष्ण नंदी गायत्री माता राम-सीता आदि देवी- देवताओं की मूर्तियां मंदिर में स्थापित की जा रही हैं। अन्न और फूल माला से मूर्तियों को आच्छादित कर पंचामृत स्नान कराया गया। फल फूल वस्त्र से प्रतिमा का परिच्छादन किया गया। रविवार की रात्रि में भगवान को शयनाधिवास कराया जाएगा। 22 जून यानी सोमवार को शुभ मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा हवन के साथ भंडारा का कार्यक्रम निर्धारित है। श्री पांडे ने अनुरागियों से आग्रह किया कि वे महायज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य का भागी बने। उधर मुख्य यजमान ऋतुराज सिन्हा अर्धांगिनी शिवांगी शरण आत्मज जय शौर्य भगवान में नेह लगाए हुए हैं। नगर भ्रमण के दरम्यान इनके साथ सैकड़ों अनुरागी बाजे-गाजे के साथ झूमते और इतराते नजर आए। निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा यश राज प्रिया राज राकेश रंजन सुजाता कुमारी श्रेयसी सिन्हा श्रेयांस सिन्हा नीरज सिन्हा अभिषेक सिन्हा आदि अनुरागी नगर भ्रमण यात्रा में शामिल थे

### शिक्षा मंत्री से मिले आनंद पुष्कर, शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत



**छपरा**।सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी एवं जदयू नेता आनंद पुष्कर ने बिहार के शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी से मुलाकात कर राज्य के विभिन्न कोटि के शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षाकर्मियों की समस्याओं और मांगों से संबंधित एक विस्तृत मांग-पत्र सौंपा। मुलाकात के दौरान उन्होंने वित्तरहित अनुदानित संस्थानों के बकाया अनुदान भुगतान, अनुदान के स्थान पर नियमित वेतनमान, सभी कोटि के शिक्षकों के लिए समान एवं पूर्ण वेतनमान तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली की मांग उठाई। इसके साथ ही संस्कृत, मदरसा एवं अल्पसंख्यक विद्यालयों के आधारभूत संरचना विकास, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था और शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि का मुद्दा भी रखा। आनंद पुष्कर ने अल्पसंख्यक, संस्कृत एवं मदरसा विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों के लंबित वेतन एवं अनुदान राशि के शीघ्र भुगतान की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण हजारों परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने स्थानीय निकाय शिक्षकों की सेवा निरंतरता, समस्थानिक इंडेक्स के आधार पर वेतन निर्धारण, चिकित्सा अवकाश, समयबद्ध प्रोन्नति, वेतन विसंगतियों के निराकरण तथा 10, 20 और 30 वर्ष की सेवा पूरी करने पर वित्तीय उन्नयन की मांग भी उठाई। इसके अलावा शिक्षकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना, रिक्त पदों पर नियुक्ति, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता तथा सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने का आग्रह किया। शिक्षा मंत्री ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शिक्षकों के हित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

### समर कैम्प से मजबूत हो रही बच्चों की भाषा एवं गणित की नींव



**मुजफ्फरपुर**। शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों के कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए संचालित एक माह का समर कैम्प बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने में प्रभावी साबित हो रहा है। स्थानीय स्वयंसेवकों, शिक्षा सेवकों एवं तालीमी मरकज के सहयोग से बच्चों को खेल-खेल में भाषा और गणित की बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति के कारण बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ा है। जिले में चल रहा यह विशेष शैक्षणिक अभियान 30 जून तक जारी रहेगा, जिसके बाद बच्चों का एंडलाइन आकलन कर रिपोर्ट निर्धारित वेब लिंक पर अपलोड की जाएगी। मंगलवार को जिला स्कूल, मुजफ्फरपुर में समर कैम्प की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीपीओ (प्रारंभिक शिक्षा एवं एसएसए) सुजीत कुमार दास ने की। उन्होंने कहा कि विद्यालय खुलने के बाद भी बच्चों की सुविधा के लिए समर कैम्प विद्यालय अवधि के बाद संचालित किए जाएंगे। साथ ही स्वयंसेवकों को आकलन संबंधी आंकड़े निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रमंडलीय समन्वयक रंजीत कुमार, जिला समन्वयक रोहित कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों के नोडल पर्सन एवं रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे।

## मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्गों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि मुहर्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आपसी भाईचारे, अनुशासन और सामाजिक सौहार्द का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी समुदायों से मिल जुलकर पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि जहानाबाद की पहचान हमेशा से शांति और सामाजिक समरसता की रही है। जिसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन या पुलिस को देने का आग्रह किया। एसडीएम राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और मुहर्रम पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ मुहर्रम पर्व मनाने का संकल्प लिया।

## सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती बिहार, पटना द्वारा आयोजित होने वाली सिपाही भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। ब्रीफिंग में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के दौरान परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे परीक्षा केंद्रों पर पूरी सतर्कता और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तथा किसी भी परिस्थिति में कदाचार को बढ़ावा न मिलने दें।जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं जुटने दी जाए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।ब्रीफिंग के दौरान यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों की निगरानी तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले भ्रामक संदेशों, अफवाहों एवं फर्जी सूचनाओं पर विशेष नजर रखें और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करें।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, निष्पक्षता एवं सजगता के साथ करने का आह्वान किया, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी और कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## मधुबनी विधायक माधव आनंद का जनसंपर्क अभियान जारी, दिनभर लोगों की समस्याएं सुन समाधान का दिया भरोसा

नई सोच एक्सप्रेस



» पंडौल पूर्वी पंचायत से लेकर जिला अतिथि गृह तक आमजन से किया सीधा संवाद, जनसेवा को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

**मधुबनी/बिहार**।मधुबनी विधानसभा 36 क्षेत्र के विधायक माधव आनंद ने मंगलवार को क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर आम लोगों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को सुना। दिनभर चले कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पंडौल पूर्वी पंचायत एवं जिला मुख्यालय मधुबनी में लोगों से सीधे संवाद कर उनकी बातो को गंभीरता से सुना।"सेवक आपके द्वार" अभियान के तहत विधायक पंडौल पूर्वी पंचायत पहुंचे, जहां जामसाम पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता के आवास पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उन्होंने भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, जनहित के मुद्दों तथा विकास कार्यो से जुड़े सुझाव विधायक के समक्ष रखे।विधायक माधव आनंद ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के बीच जाकर उनकी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को समझने में है। जनप्रतिनिधि और जनता के बीच सीधा संवाद विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इसके बाद विधायक जिला अतिथि गृह, मधुबनी पहुंचे, जहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने संबंधित मामलों पर आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों से बात करने तथा प्राथमिकता के आधार पर समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया।विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास, आम लोगों की सुविधा तथा जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर उनकी प्रतिबद्धता पहले की तरह आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा और सहयोग ही उन्हें निरंतर समाज एवं क्षेत्र के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओ तथा गणमान्य लोगो की भी उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने विधायक के जनसंवाद कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपनी बात सीधे रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

## मोहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया**।आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से की। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अमर कुमार ने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले सभी जुलूसों के लिए प्रशासनिक अनुमति एवं लाइसेंस अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस के किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के निर्देशानुसार डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने कहा कि मोहर्रम पर्व शांति और अनुशासन के साथ मनाया जाए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।बैठक में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह प्रमुख पति मंटू कुशवाहा, उपप्रमुख नरेश यादव, मुखिया सौदागर साह, मुखिया प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, एकबाली राम, पूर्व मुखिया सोनू राय, सुनील तिवारी, सरपंच नरेश पटेल, संजय पटेल, साहेब यादव, युगल किशोर सिंह, मालिक साह, अब्दुल सतार, उपेंद्र कुमार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं संकल्प के साथ मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी**। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर सुगौली स्थित डाक बंगला परिसर में श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी, विधायक बब्लु गुप्ता, तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक पाण्डेय उपस्थित रहे। सभा में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।अपने संबोधन में सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने भारत की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान देशवासियों को सदैव राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी भारत के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। राष्ट्र प्रथम की उनकी सोच और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा देश के विकास एवं एकता के लिए सदैव प्रासंगिक रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं थे, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा के महान पुरोधा थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" के संकल्प को लेकर संघर्ष किया और राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन एवं विचार आज भी देशभक्तों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।सभा में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विकाश शर्मा, सपना शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, राकेश मिश्रा, चंदन गुप्ता, प्रदीप सर्राफ, गंगा राम, दुर्गा प्रसाद, संजय संजू, प्रीति खंडेलवाल, महेश सहनी, महेश मिश्रा, रवि पासवान, विनय ठाकुर, बृजकिशोर पासवान, योगेंद्र पुरी, अंकुर चौधरी, संजीत कुशवाह, अनिरुद्ध सिंह, अशोक सोनी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सारदीय खरीफ महा अभियान के तहत किसानों को मिला आधुनिक खेती का प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस




**मोतीहारी**।बिहार सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित 'सारदीय खरीफ महा अभियान 2026' के तहत सुगौली प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में बेतिया सांसद डॉ. संजय जायसवाल तथा विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने के लिए जागरूक करना था। कार्यशाला में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवम कुमार सहित कृषि विभाग के विशेषज्ञों ने किसानों को धान एवं मक्का की वैज्ञानिक खेती,उन्नत बीजों के चयन,संतुलित उर्वरक के उपयोग,कीट एवं रोग प्रबंधन तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि अनुदान योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने किसानों से नई तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने की अपील की। इस अवसर पर सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मक्का का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से देश में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के बाद अब देशभर में एथेनॉल पंप स्थापित करने की योजना है, जिससे मक्का उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।सांसद ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने अत्यधिक रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए किसानों से कम से कम अपनी जरूरत की फसलों के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिवार और सुरक्षित भविष्य के लिए जैविक खेती समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं पर चर्चा कर समाधान प्राप्त किया।

## जहानाबाद में आधुनिक तकनीक की नई शुरुआत, मां वैष्णो स्टील सीएनसी का हुआ शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। शहर के सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन रोड स्थित मां वैष्णो स्टील सीएनसी का भव्य शुभारंभ जिला परिषद सदस्य सोनू राधे द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया तथा आधुनिक सीएनसी लेजर कटिंग मशीन का अवलोकन किया। उन्होंने इसे जहानाबाद के औद्योगिक और व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सोनू राधे ने कहा कि यह मशीन जहानाबाद में अपनी तरह की पहली अत्याधुनिक सीएनसी लेजर कटिंग मशीन है जो डिजिटल तकनीक के माध्यम से कम समय में बेहतरीन और आकर्षक डिजाइन तैयार करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अब जिले के लोगों को आधुनिक डिजाइन वाले गेट, ग्रिल, रेलिंग, खिड़की, फॉल्स सीलिंग और अन्य सजावटी स्टील उत्पादों के लिए पटना, गया या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में लोग अपने घर, अपार्टमेंट और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देना चाहते हैं। ऐसे में सीएनसी तकनीक से तैयार डिजाइन लोगों की पसंद बन रहे हैं। अब ग्राहक अपनी पसंद का कोई भी डिजाइन मोबाइल, कंप्यूटर या फोटो के माध्यम से लेकर आएंगे, जिसे मशीन द्वारा हूबहू काटकर तैयार किया जा सकेगा। सोनू राधे ने बताया कि इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सटीकता और तेजी है। पहले जहां इस प्रकार के डिजाइन बाहर से मंगाने में काफी समय और अतिरिक्त खर्च लगता था, वहीं अब वही सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। इससे ग्राहकों का समय और पैसा दोनों बचेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। संस्थान के प्रोपराइटर दीपक कुमार ने बताया कि मां वैष्णो स्टील सीएनसी में अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से लोहे एवं स्टील के गेट, ग्रिल, रेलिंग, फॉल्स सीलिंग पैनल, सजावटी शीट और अन्य डिजाइनर उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की आवश्यकता और पसंद के अनुसार विशेष डिजाइन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सीएनसी लेजर कटिंग तकनीक की मदद से जटिल से जटिल डिजाइन भी बेहद सफाई और सटीकता के साथ तैयार किए जा सकते हैं। अनुभवी कारीगरों और आधुनिक तकनीक के समन्वय से ग्राहकों को गुणवत्ता, मजबूती और आकर्षक डिजाइन का बेहतर विकल्प मिलेगा। स्थानीय लोगों ने भी इस नई पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठान के खुलने से जहानाबाद में आधुनिक निर्माण और इंटीरियर डिजाइनिंग के क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।

## जमुई में सूरज बनेगा बिजली का नया स्रोत , नागरिकों का सोलर रौशनी से घर होगा जगमग

नई सोच एक्सप्रेस



**जमुई**।जमुई जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत ककनचौर गांव में 75 मेगावाट क्षमता वाले अत्याधुनिक सोलर पावर प्लांट का निर्माण और ट्रायल का कार्य अंतिम चरण में है। 24 जून के बाद अंकित सौर उर्जा संयंत्र से झाझा बिजली ग्रिड को जोड़कर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की पूरी संभावना है। सहायक कार्यपालक अभियंता ई.संजीव केशरी ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि सतलुज जल विद्युत निगम ककनचौर गांव की 300 एकड़ भूमि पर नया सौर उर्जा संयंत्र स्थापित कर रहा है। 75 मेगावाट की क्षमता वाले इस संयंत्र का निर्माण और ट्रायल का कार्य अंतिम चरण में है। 24 जून के बाद यहां से झाझा बिजली ग्रिड को जोड़कर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की पूरी संभावना है। उन्होंने इस संयंत्र को कालक्रम में 125 मेगावाट तक बढ़ाए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि इसके चालू हो जाने के बाद निवासियों के घरों को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। जमुई समेत सूबे बिहार के लिए स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में यह परियोजना एक नया अध्याय का लेखन करेगा। उपभोक्ता सस्ती और पर्यावरण अनुकूल बिजली का उपभोग कर सकेंगे। स्थानीय स्तर पर सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी। राज्य की नवीकरणीय उर्जा क्षमता में मजबूत इजाफा होगा। यह प्लांट न केवल बिजली की कमी को दूर करने में मदद करेगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा। जमुई का संदर्भित क्षेत्र सस्ती बिजली से जगमग होगा। ककनचौर जमुई के साथ-साथ पूरे बिहार में सूर्य की रौशनी अब उम्मीद की किरण बनकर चमकेगी

## बढ़ती आर्थिक चुनौतियां

वित्त मंत्रालय के मुताबिक तीन कारणों से दुनिया नया आकार ले रही हैः महाशक्तियों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का वर्चस्व। इसके अनुरूप ढलने के लिए भारत के पास बहुत कम वक्त है। बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आए बदलावों से तालमेल बनाने के लिए भारत के पास एक बहुत छोटी खिड़की मौजूद है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने स्थायी संसदीय समिति के सामने कही। बताया गया कि चीन ने अपने नए कानून के तहत वहां स्थित आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया है। वहां से अपने कारखाने हटाने वाली कंपनियों को वह दंडित कर रहा है। इससे भारत में मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनाई गई नीति के सामने मुश्किलें खड़ी हुई हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस समय ये तीन परिघटनाएं दुनिया को नया आकार दे रही हैः बड़ी ताकतों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का प्रभुत्व। मंत्रालय ने कहा कि इन परिवर्तनों पर भारत को अधिक फुर्तीला और रणनीतिक प्रतिक्रिया दिखानी होगी। ऐसा करने के लिए देश के पास 'बहुत छोटा अवसर' है। मंत्रालय ने कहा कि महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा के तहत व्यापार, तकनीक, और वित्त का उपयोग सामान्य लाभ उठाने के बजाय रणनीतिक हितों के मुताबिक किया जा रहा है। इसी क्रम में चीन ने अपने यहां से कारखाना, तकनीक, या विशेषज्ञों को दूसरे देशों में- खासकर भारत ले जाने की राह में कानूनी रुकावट खड़ी कर दी है। भारत में साझा उद्यम या देशी निवेश के तहत लगाए जा रहे कारखानों की इन मामलों में चीन पर निर्भरता रही है। स्पष्टतः ये दोनों परिघटनाएं भारत के लिए चुनौती बनकर आई हैं। हालांकि यूरोप और अमेरिका के बीच पड़ती दरार को वित्त मंत्रालय ने भारत के लिए अवसर के रूप में देखा है, मगर इसका लाभ उठाने के लिए तुरंत खुद को तैयार करने की चुनौती उसके सामने है। मंत्रालय ने माना कि इसके लिए ज्यादा वक्त नहीं है। कहा जा सकता है कि वित्त मंत्रालय को बदल रही दुनिया का सही अहसास है। मगर, नई परिस्थितियों के मुताबिक नजरिए एवं नीतियों में जिस तरह के आमूल परिवर्तन की जरूरत है, उसकी समझ का संकेत उसने नहीं दिया है। क्या बिना घरेलू बाजार के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किए, नए बाहरी हालात का मुकाबला किया जा सकता है- यह बुनियादी सवाल है।

# कुर्सी से बड़ा भरोसा : लोकतंत्र में जवाबदेही का ब्रिटिश सबक



आरती कुमारी

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति केवल चुनाव नहीं, बल्कि निरंतर जवाबदेही है। जनता द्वारा चुनी गई सरकारें और उनके नेता केवल मतों के आधार पर सत्ता में नहीं बने रहते, बल्कि जनता, पार्टी और लोकतांत्रिक संस्थाओं के विश्वास पर टिके होते हैं। इसी संदर्भ में ब्रिटेन की राजनीति में सामने आया हालिया घटनाक्रम व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। यह घटनाक्रम एक बार फिर इस मूल प्रश्न को सामने लाता है कि लोकतंत्र में एक राजनीतिक पद, विशेषकर प्रधानमंत्री की कुर्सी, आखिर कितनी महत्वपूर्ण है और उससे भी अधिक महत्वपूर्ण क्या है।

ब्रिटेन की संसदीय परंपरा लंबे समय से इस विचार पर आधारित रही है कि कोई भी व्यक्ति संस्था से बड़ा नहीं हो सकता। नेतृत्व का मूल्यांकन केवल चुनावी जीत से नहीं, बल्कि उसके बाद के प्रदर्शन, जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की क्षमता और पार्टी के भीतर उसके प्रति विश्वास से भी होता है। यही कारण है कि वहां नेतृत्व परिवर्तन को राजनीतिक अस्थिरता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व का हिस्सा माना जाता है। ब्रिटेन की राजनीति पर नजर डालें तो पिछले एक दशक में कई प्रधानमंत्रियों ने अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले पद छोड़ा है। डेविड कैमरन, थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन, लिज ट्रस और ऋषि सुनक जैसे नेताओं के राजनीतिक सफर इस बात के प्रमाण हैं कि वहां प्रधानमंत्री पद किसी व्यक्ति की स्थायी संपत्ति नहीं है। पार्टी के भीतर समर्थन कम होने या नीतिगत विफलताओं के कारण नेताओं को पद छोड़ना पड़ता है। यह प्रक्रिया कई बार कठोर दिखाई देती है, लेकिन यही लोकतंत्र की वह कसौटी है जो नेतृत्व को निरंतर जवाबदेह बनाए रखती है। लोकतंत्र की इस संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र और मतदाताओं के प्रति उत्तरदायी माने जाते हैं। वे केवल पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पालन करने वाले प्रतिनिधि नहीं होते, बल्कि जनता की आवाज़ भी होते हैं। इसलिए यदि पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर सवाल उठते हैं, तो उन्हें लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा माना जाता है। वहां असहमति को विद्रोह नहीं समझा जाता और नेतृत्व परिवर्तन को राजनीतिक परिपक्वता का संकेत माना जाता है। इसके विपरीत भारत की संसदीय व्यवस्था एक अलग वास्तविकता प्रस्तुत करती है। 1985 में लागू दल-बदल विरोधी कानून का उद्देश्य राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना था। उस समय लगातार हो रहे दल-बदल और सरकारों के गिरने की घटनाओं ने इस कानून की आवश्यकता पैदा की थी। निस्संदेह इस कानून ने राजनीतिक खरीद-फरोख्त और अवसरवादी राजनीति पर कुछ हद तक नियंत्रण लगाया, लेकिन समय के साथ इसके कुछ दुष्परिणाम भी सामने आए हैं। आज स्थिति यह है कि अधिकांश सांसद और विधायक पार्टी नेतृत्व की आधिकारिक लाइन से अलग राय व्यक्त करने से भी बचते हैं। कई बार असहमति को अनुशासनहीनता या विद्रोह के रूप में देखा जाता है। इससे राजनीतिक दलों के भीतर स्वस्थ बहस और आत्ममंथन की संस्कृति कमजोर हुई है। लोकतंत्र केवल संसद या विधानसभा तक सीमित नहीं होता; राजनीतिक दलों के भीतर भी लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं उतनी ही आवश्यक होती हैं। भारत में कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों की संरचना अत्यधिक केंद्रीकृत होती जा रही है। कई स्थानों पर नेतृत्व कुछ व्यक्तियों या परिवारों के इर्द-गिर्द केंद्रित दिखाई देता है। ऐसी परिस्थितियों में संगठन के भीतर वैचारिक बहस और नेतृत्व की समीक्षा की गुंजाइश सीमित हो जाती है। परिणामस्वरूप असंतोष समय रहते संवाद के माध्यम से हल नहीं हो पाता और बाद में बड़े राजनीतिक संकट या विभाजन का रूप ले लेता है। शिवसेना का विभाजन, विभिन्न क्षेत्रीय दलों में समय-समय पर उभरने वाले आंतरिक विवाद और कई दलों में नेतृत्व को लेकर उठने वाले प्रश्न इसी व्यापक समस्या की ओर संकेत करते हैं। यदि राजनीतिक दलों के भीतर नियमित संवाद, पारदर्शी नेतृत्व चयन और आंतरिक लोकतंत्र की मजबूत व्यवस्था हो, तो कई संकटों को समय रहते टाला जा सकता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि ब्रिटेन की व्यवस्था पूरी तरह आदर्श है या भारत की व्यवस्था पूरी तरह दोषपूर्ण। दोनों देशों की राजनीतिक परिस्थितियां, सामाजिक संरचनाएं और ऐतिहासिक अनुभव अलग हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में राजनीतिक स्थिरता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। किंतु स्थिरता और लोकतांत्रिक संवाद के बीच संतुलन बनाना समय की आवश्यकता है। राजनीतिक दल लोकतंत्र की आधारभूत इकाइयां हैं। यदि दलों के भीतर लोकतंत्र कमजोर होगा, तो व्यापक लोकतांत्रिक व्यवस्था भी प्रभावित होगी। इसलिए दलों में नेतृत्व चयन की पारदर्शी प्रक्रिया, आंतरिक चुनाव, नीति संबंधी खुली चर्चा और असहमति के सम्मान की संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असहमति को दुश्मनी और आलोचना को विद्रोह मानने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती है। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि निरंतर जनविश्वास अर्जित करना है। चुनाव जीतना किसी नेता या दल की उपलब्धि हो सकती है, लेकिन उस विश्वास को बनाए रखना उससे कहीं बड़ी चुनौती है। जब राजनीतिक नेतृत्व यह समझता है कि पद से अधिक महत्वपूर्ण जनता का भरोसा और संस्थाओं की गरिमा है, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है।

आज भारत सहित दुनिया के सभी लोकतंत्रों के सामने यही चुनौती है कि वे राजनीतिक स्थिरता के साथ-साथ जवाबदेही, संवाद और आत्मसुधार की संस्कृति को कैसे मजबूत करें। लोकतंत्र की सफलता इस बात से तय नहीं होती कि कोई नेता कितने समय तक सत्ता में बना रहता है, बल्कि इससे तय होती है कि वह जनता और अपने संगठन के प्रति कितना उत्तरदायी है।

अंततः लोकतंत्र कुर्सियों पर नहीं, बल्कि विश्वास पर टिका होता है। जिस दिन राजनीतिक दल और उनके नेता इस सत्य को पूरी तरह स्वीकार कर लेंगे, उस दिन राजनीति में 'बागी' और 'गद्दार' जैसे शब्दों की जगह 'संवाद', 'सुधार' और 'जवाबदेही' जैसे शब्द अधिक सुनाई देंगे। यही किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान है।

# शहर दर शहर लाक्षागृहों की जिम्मेदार है भ्रष्ट व्यवस्था

मनोज कुमार अग्रवाल

अभी एक पखवाड़ा पहले ही राजधानी दिल्ली मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने से बारह विदेशी नागरिकों समेत 21 लोगों की मौत हुई थी अब लखनऊ के कोचिंग सैंटर्स में अग्निकांड मे 15 छात्र छात्राओं की दर्दनाक मृत्यु हुई है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज में एक तीन मंजिला इमारत में जहां पैट अनीमल शाप , एनीमेशन ट्रेनिंग कोचिंग चलती थी जिसमें करीब 25-30 किशोरवय छात्र छात्राएँ पढ़ते थे जिन्होंने अपने भविष्य को गढ़ने के उद्देश्य से इस कोचिंग में प्रवेश लिया था । यहां अपने जिगर के टुकड़ों को पढ़ा लिखा कर भविष्य बनाने के लिए भेजने वाले अभिभावकों को सपने में भी गुमान नही रहा होगा कि यह कोचिंग संस्थान एक दिन लाक्षागृह बन जाएगा और उनके घर के चिराग इस भयानक हादसे में जीवन गंवा देंगे इस बेहद दर्दनाक हादसे में 15 युवाओं की दम घुटने से मौत हो गई।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। आपको बता दें इस हादसे से पंद्रह परिवारों के सपनों उम्मीदों की भी मौत हो गई है। ये परिवार इस त्रासद अग्निकांड की मार से इस जीवन में कभी भी नहीं उबर पाएंगे। इस अग्निकांड हादसे की भयावहता का अन्दाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 15 छात्र छात्राओं की मौके पर ही आग से जलकर और धुएं से दम घुटने से मौत हो गई। जबकि सभी छात्र छात्राओं ने खुद को बचाने के लिए सभी प्रयास किए फिर भी वे कामयाब नहीं हो सके। वे बिल्डिंग से बाहर नहीं निकल सके। आधे दर्जन किशोर घायल हैं जिनका इलाज अस्पताल में हो रहा है। आग से बचाव और बुझाने के लिए दमकल आधे घंटे बाद पहुंची जो अपने आप में बेहद चिंताजनक है। वहीं मुख्यमंत्री जो दौरे पर थे अपना दौरा छोड़कर मौके पर पहुंचे और उसके बाद उच्च स्तरीय बैठक में घटना की समीक्षा की और मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए दो सदस्यीय एसआइटी गठित करने के आदेश दिए हैं।वहीं तीन गिरफ्तारियां की गई है और चार अधिकारी सस्पेंड किए गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार इस हादसे में एक युवक ने तो बिजली के करंट प्रवाह तारों को पकड़कर नीचे कूदकर जान बचाने की कोशिश की । वहीं एक युवक जान बचाने के लिए शीशा तोड़कर कूद पड़ा लेकिन नीचे वह लोहे के ग्रिल पर गिर गया जिसकी वजह से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे लोग बचाकर अस्पताल ले गए। कुछ युवक जान बचाने के लिए बिल्डिंग में पीछे की ओर बाथरूम में चले गए लेकिन पीछे कोई रास्ता नहीं था। इसकी वजह से जब आग बढ़ी तो वे बाहर नहीं निकल सके क्योंकि आग सामने की ओर से लगी थी जो अत्यंत भयावह थी। देश में आग की घटनाएं अब रोजाना की बात हो गई हैं।कभी नर्सिंग होम और नवजात शिशु केयर सेंटर कभी अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों, कारखानों, होटल, रेस्तरां और झुग्गी बस्तियों यहां तक की चलती ट्रेन की बोगियों में आग के हादसे सामने आते रहे हैं जिनमें हर साल सैकड़ों जीवन आग की भेंट चढ़ जाते हैं। कहीं शॉर्ट सर्किट कारण बताया जाता है, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं बिजली उपकरणों की खराबी और कहीं सुरक्षा मानकों की अनदेखी। रिपोर्ट बताती है कि लखनऊ में पिछले महीने में बड़ी संख्या में आग की घटनाएं बिजली व्यवस्था की खामियों और ओवरलोडिंग से जुड़ी रही हैं। सवाल केवल आग लगने का नहीं है। सवाल यह है कि जिन इमारतों में प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे और युवा आते हैं, वहां अग्निशमन यंत्रों की स्थिति क्या है? उनके चलाने का प्रशिक्षण लिया गया या नहीं? क्या आपातकालीन निकास द्वार मौजूद हैं? क्या भवनों का नियमित सुरक्षा ऑडिट होता है? क्या स्थानीय निकाय और अग्निशमन विभाग समय समय पर निरीक्षण करते हैं? प्राधिकरण ने ऐसी इमारतें संचालन की अनुमति कैसे प्राप्त कर लेती हैं? लखनऊ की घटना ने एक बार फिर दिखा दिया कि अधिकांश भवनों में सुरक्षा व्यवस्था कागजों तक सीमित है। जब संकट आता है तो लोग सीढ़ियों, खिड़कियों और पाइपों के सहारे अपनी जान बचाने को मजबूर हो जाते हैं। हर बड़ी घटना की तरह ही इस हादसे के बाद प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और विभिन्न दलों के राजनेताओं की शोक संवेदना आयी और सरकार ने मुआवजे की घोषणा भी की है लेकिन क्या एक जीवन की कोई भरपाई की जा सकती है? क्या जीवन का कोई भी मोल हो सकता है? इस हादसे के शिकार बने कुछ बच्चे अभी जिंदगी के लिए अस्पतालों में जंग लड़ रहे हैं। आजादी के करीब अस्सी साल बाद भी इस देश की सरकारें व्यवस्था सिस्टम को नही सुधार सकी हर स्तर पर भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि आप ईमानदारी से भवन का निर्माण करें तो भी रिश्वत देना पड़ेगा फिर समझ नहीं आता कि बिना नक्शा राज्यों की राजधानियों में सरकार और अधिकारियों की नाक के तले सिर्फ ग्राउंड फ्लोर का नक्शा पास करा कर तीन मंजिला व्यवसायिक भवन इमारतों का निर्माण किस की कृपा से हो जाता है? कौन सा तंत्र है जिस के आशीर्वाद से इन इमारतों में बिना अग्निशमन विभाग व दूसरे विभाग की अनुमति के कोचिंग संस्थान या चाइल्ड नर्सरी या होटल संचालित किए जाते हैं? हर बड़े हादसे के बाद सहानुभूति मुआवजा राशि जांच कमेटी का गठन किया जाता है वायदा घोषणा की जाती है कि दोषियों को दंडित किया जायेगा हादसे के जिम्मेदारों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई होगी लेकिन कुछ नही बदलता इन घोषणाओं का फायदा वही अफसरशाही उठाती है जो जांच और कारवाई का नाटक कर तमाम वैध अवैध निर्माणों और प्रतिष्ठानों से उगाही करती है जेब भरती है और अगले हादसे का इंतजार करती है। जाहिर है कि इन हादसों को रोका जा सकता है बशर्ते पंगु सिस्टम लचर व्यवस्था, भ्रष्टाचार और नियमों की अनदेखी कर अकूत संपत्ति जुटाने मे लगी सरकारी भ्रष्ट मशीनरी को नियंत्रित किया जाए मुद्दा आग नहीं है भ्रष्टाचार है भ्रष्ट अफसरशाही है जो सही काम की मंजूरी के भी पैसे लेती है और नियमविरूध्द कार्य को दोनों हाथ से रिश्वत बटोर कर संरक्षण देती है वहीं दस फीसदी मामलों में राजनीतिक नेताओं के ईशारे पर अवैध काम को स्वीकृति दे कर उनके भी आंख का तारा बनी रहती है। दरअसल यही व्यवस्था का दुरुपयोग है समाज में भ्रष्टाचार का घुन इस तरह से लग चुका है कि सामर्थ्यवान के लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है। अभी हाल ही में दिल्ली में अस्पताल के निकट होटल कम गेस्ट हाउस में आग लगने से कई लोगों की जान चाली गई थी जिनमें से एक दर्जन से अधिक विदेशी नागरिक भी थे। रिकार्ड बोल रहे हैं कि राजधानी लखनऊ के कई होटलों में इस प्रकार आग लग चुकी है इसके बावजूद कोई फायर सेफ्टी पर ध्यान नहीं दिया जाता है। भवन चूंकि तीन मंजिला था और कई मकान व भवन एक दूसरे से जुड़े हुए थे। नीचे से लेकर ऊपर तक उसमें व्यवसायिक कार्य हो रहे थे। भवन में दूसरा कोई रास्ता भी निकलने को नहीं था और आगे शीशे की बंद खिड़कियां थीं। आग को एसी ब्लास्ट या शार्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।सवाल फिर वही है कि लखनऊ और दिल्ली जैसे अग्निकांडों के लिए जिम्मेदार कौन हैं? किसकी जवाबदेही है? दरअसल, शहरों में इतनी कम जगहों पर ऑफिस आदि चल रहे हैं कि जब वहां कोई हादसा हो जाता है, तो बचने का कोई रास्ता नहीं होता।

# 16 एफडीसी दवाओं पर लगा प्रतिबंध



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

भारत में दवाओं का उपयोग केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह करोड़ों लोगों के जीवन और स्वास्थ्य से सीधे जुड़ा हुआ विषय है। जब कोई व्यक्ति चिकित्सक के पास जाता है, तो उसे उम्मीद होती है कि जो दवा उसे दी जा रही है वह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक परीक्षणों से प्रमाणित होगी। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने हाल ही में 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार का कहना है कि इन दवाओं के उपयोग का कोई स्पष्ट चिकित्सकीय औचित्य नहीं पाया गया है और इनसे मिलने वाले संभावित लाभों की तुलना में इनके जोखिम अधिक हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह कदम जनस्वास्थ्य की सुरक्षा, दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने तथा नागरिकों को केवल वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। यह निर्णय केवल कुछ दवाओं पर प्रतिबंध लगाने भर का मामला नहीं है, बल्कि यह देश की दवा नीति, चिकित्सा व्यवस्था और मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा एक व्यापक कदम है। फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन या एफडीसी ऐसी दवाएं होती हैं जिनमें दो या दो से अधिक सक्रिय औषधीय तत्वों को एक निश्चित अनुपात में मिलाकर तैयार किया जाता है। उदाहरण के लिए दर्द निवारक और बुखार कम करने वाली दवा का संयोजन। एंटीबायोटिक और एंटी-एलर्जिक दवा का संयोजन और मधुमेह नियंत्रण की दो दवाओं का मिश्रण। एफडीसी का मूल उद्देश्य मरीजों को सुविधा प्रदान करना है ताकि उन्हें अलग-अलग गोलियां लेने के बजाय एक ही दवा में आवश्यक उपचार मिल सके। यदि वैज्ञानिक आधार पर तैयार किए जाएं तो एफडीसी के कई लाभ हो सकते हैं। मरीजों के लिए दवा लेना आसान हो जाता है। उपचार का पालन (कंप्लायंस) बेहतर होता है। दवा लेने में भूल की संभावना कम होती है। कुछ रोगों में उपचार अधिक प्रभावी हो सकता है। उदाहरण के लिए तपेदिक (टीबी), एचआईवी और कुछ हृदय रोगों में एफडीसी दवाओं का सफल उपयोग किया जाता है। समस्या तब पैदा होती है जब दो या अधिक दवाओं को बिना पर्याप्त वैज्ञानिक अध्ययन के एक साथ मिला दिया जाता है। ऐसी स्थिति में दवा का प्रभाव अनिश्चित हो सकता है। दुष्प्रभाव बढ़ सकते हैं। रोगी को अनावश्यक दवाएं मिल सकती हैं। यकृत, गुर्दे या अन्य अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, विशेषज्ञ समितियों द्वारा विस्तृत समीक्षा के बाद पाया गया कि इन 16 एफडीसी दवाओं का कोई पर्याप्त चिकित्सकीय औचित्य उपलब्ध नहीं है। विशेषज्ञों ने चिंताएं व्यक्त की है कि कई संयोजन ऐसे पाए गए जिनसे मरीज को मिलने वाला लाभ सीमित था, जबकि दुष्प्रभावों की संभावना अधिक थी। कुछ दवाओं के संयोजन के समर्थन में पर्याप्त क्लिनिकल ट्रायल उपलब्ध नहीं थे। मरीज को ऐसी दवा दी जा रही थी जिसकी उसे वास्तविक आवश्यकता नहीं थी। विशेष रूप से एंटीबायोटिक संयोजनों के मामले में दुरुपयोग से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) का खतरा बढ़ सकता है। सरकार ने यह कार्रवाई औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 26ए के तहत की है। यह धारा केंद्र सरकार को अधिकार देती है कि यदि किसी दवा का उपयोग मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण पाया जाता है या उसके उपयोग का कोई पर्याप्त चिकित्सकीय औचित्य नहीं होता, तो उसके निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। यह प्रावधान भारत में दवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी उपकरण माना जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जिन संयोजनों पर रोक लगाई गई है उनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं, एसिटाइल सैलिसिलिक एसिड के साथ एथोहेप्टाजीन- विशेषज्ञों के अनुसार इस संयोजन की उपयोगिता स्पष्ट रूप से स्थापित नहीं हो सकी। डायसाइक्लोमाइन, पैरासिटामोल और क्लिडिनियम ब्रोमाइड- यह संयोजन पेट संबंधी समस्याओं और दर्द के उपचार में उपयोग किया जाता था, लेकिन इसके वैज्ञानिक औचित्य पर प्रश्न उठाए गए। पैरासिटामोल और क्लिडिनियम ब्रोमाइड- इस संयोजन को भी विशेषज्ञ समिति ने असंगत माना। डायसाइक्लोमाइन, क्लोरडायजेपॉक्साइड और अन्य तत्वों का मिश्रण- इस प्रकार के संयोजनों में कई दवाओं को एक साथ मिलाया गया था, जिससे अनावश्यक दुष्प्रभावों का खतरा बढ़ता था। ग्लिक्लाजाइड और क्रोमियम पिकोलिनेट- मधुमेह उपचार में प्रयुक्त इस संयोजन के पर्याप्त लाभ सिद्ध नहीं हो सके। पैरासिटामोल और लिग्नोकेन- विशेषज्ञों ने माना कि इस संयोजन की चिकित्सकीय आवश्यकता स्पष्ट नहीं है। इसके अतिरिक्त कई एंटीबायोटिक संयोजनों पर भी रोक लगाई गई है। आज पूरी दुनिया एंटीबायोटिक प्रतिरोध की गंभीर समस्या से जूझ रही है। जब बैक्टीरिया किसी एंटीबायोटिक दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लेते हैं, तो वह दवा प्रभावी नहीं रह जाती है। इसके परिणामस्वरूप संक्रमण का इलाज कठिन हो जाता है।

अस्पताल में भर्ती होने की अवधि बढ़ जाती है। मृत्यु दर बढ़ सकती है। उपचार महंगा हो जाता है। भारत दुनिया में एंटीबायोटिक के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। विशेषज्ञ लंबे समय से चेतावनी देते रहे हैं कि अनावश्यक एंटीबायोटिक संयोजन भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकते हैं। सरकार का यह कदम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। यह प्रश्न अक्सर उठता है कि यदि कोई दवा वैज्ञानिक रूप से उचित नहीं है तो वह बाजार तक पहुंचती कैसे है? इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। अतीत में कई एफडीसी दवाओं को अलग-अलग राज्यों के स्तर पर अनुमति मिल गई थी। उस समय सभी संयोजनों की केंद्रीय स्तर पर कठोर वैज्ञानिक समीक्षा नहीं होती थी। फार्मास्यूटिकल कंपनियां कई बार बाजार में अलग पहचान बनाने के लिए नए संयोजन विकसित करती हैं। यदि इन संयोजनों के पीछे पर्याप्त शोध नहीं होता तो उनकी उपयोगिता संदिग्ध हो सकती है। कुछ संयोजन इस सोच के साथ बनाए गए कि एक ही गोली में कई समस्याओं का समाधान मिल जाए। लेकिन सुविधा हमेशा वैज्ञानिक औचित्य का विकल्प नहीं हो सकती। भारत जैसे विशाल देश में हजारों दवा उत्पादों की लगातार निगरानी करना एक जटिल कार्य है। इसलिए समय-समय पर समीक्षा और पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता होती है। जब सरकार किसी दवा पर प्रतिबंध लगाती है तो उसका अर्थ केवल यह नहीं होता कि वह दवा दुकान से गायब हो जाएगी। प्रतिबंध का अर्थ है कि उसका निर्माण बंद किया जाएगा। नए स्टॉक का वितरण नहीं होगा। बिक्री पर रोक लग जाएगी। नियामक एजेंसियां इसके अनुपालन की निगरानी करेंगी। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। यह प्रक्रिया आमतौर पर चरणबद्ध तरीके से लागू होती है ताकि बाजार में अनावश्यक अव्यवस्था न फैले। सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न मरीजों के सामने आता है कि उन्हें क्या करना चाहिए। कई लोग समाचार सुनते ही दवा लेना बंद कर देते हैं। यह उचित नहीं है। यदि कोई मरीज ऐसी दवा ले रहा है जो प्रतिबंधित सूची में शामिल है, तो उसे अपने डॉक्टर से मिलना चाहिए। अधिकांश मामलों में सुरक्षित और प्रभावी विकल्प पहले से मौजूद होते हैं। पुराने प्रिस्क्रिप्शन और दवा संबंधी दस्तावेज डॉक्टर को सही सलाह देने में मदद करते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि दवा उद्योग में कई वर्षों से ऐसे एफडीसी संयोजन मौजूद थे जिनकी प्रभावशीलता और सुरक्षा पर पर्याप्त शोध उपलब्ध नहीं था। विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक संयोजन का वैज्ञानिक परीक्षण आवश्यक है। केवल बाजार में उपलब्ध होना किसी दवा को सुरक्षित नहीं बनाता। मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कई चिकित्सकों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। भारत का दवा उद्योग दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में गिना जाता है। एफडीसी दवाओं पर प्रतिबंध का प्रभाव कुछ कंपनियों पर पड़ सकता है क्योंकि कुछ उत्पादों की बिक्री बंद करनी पड़ेगी। नए संयोजनों के लिए अतिरिक्त शोध करना होगा। नियामक मानकों का अधिक कठोरता से पालन करना पड़ेगा। हालांकि दीर्घकाल में यह कदम उद्योग की विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद करेगा। सामान्य मरीजों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई व्यक्ति इन प्रतिबंधित दवाओं का उपयोग कर रहा है, तो उसे स्वयं दवा बंद नहीं करनी चाहिए। अपने चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। वैकल्पिक दवा के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। डॉक्टर मरीज की स्थिति के अनुसार सुरक्षित और प्रभावी विकल्प सुझा सकते हैं। आधुनिक चिकित्सा में केवल दवा उपलब्ध होना पर्याप्त नहीं है। यह भी आवश्यक है कि दवा सुरक्षित हो। वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हो।




**मेष राशि** : आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। आज आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे। आज आप किसी काम के लिए नई योजना पर विचार भी कर सकते हैं, आय के स्रोतों में वृद्धि होने की उम्मीद है। शुभ अंक- 1

**वृष राशि**: आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। कही रुक हुआ वापस आज वापस मिल सकता है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा और किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की योजना बनाएंगे। किसी मित्र के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बन सकता है। शुभ अंक- 3

मिथुन राशि :आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी-छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफा करेगा। संतान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य आज संपन्न हो सकता है, आपको अच्छा लगेगा। आज ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिलने के योग बने हुए हैं। शुभ अंक- 4

**कर्क राशि**: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रखरखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी योजना बना सकते है। आज आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियां बढ़ेंगी, बच्चों के बेहतर करियर के लिए आज आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते है। आज आपको जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में भागदौड़ करनी पड़ सकती है। शुभ अंक- 8

**सिंह राशि** : आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिशियल काम से कहीं बाहर यात्रा करनी पड़ेगी और बॉस आपके जिम्मेदाराना स्वभाव से बहुत प्रभावित होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं आज कारगर साबित होंगी। आज आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कपड़ा व्यापारियों को विशेष रूप से सफलता मिलेगी बढ़िया धनलाभ होने के आसार हैं। शुभ अंक- 7

**कन्या राशि**: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न होने दे। आज घर पर मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा। स्टूडेंट्स को आज टीचर द्वारा विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। आज आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे, इस पर माता के साथ विचार विमर्श कर सकते है। शुभ अंक- 4

**तुला राशि**: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें। आज आप अपनी पारिवारिक व व्यावसायिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। आज आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी। विद्यार्थियों का पढ़ाई में ध्यान लगा रहेगा। शुभ अंक- 9

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका प्रशासनिक कार्य पूरा हो जायेगा।आज नये बिजनेस की प्लानिंग करेंगे, जिसमे आपको ज्यादा लाभ मिलने वाला है। आज फुटबाल खिलाड़ियों को उनके उम्दा परफॉरमेंस के कारण सम्मानित किया जाएगा। शुभ अंक- 6

**धनु राशि**: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है, साथ ही आज किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी। आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। शुभ अंक- 2

**मकर राशि** : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से आपके जीवन में चल रही समस्याओं से आज राहत मिलेगी। व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का आज अच्छा परिणाम सामने आएगा। लोहे या किसी धातु का कारोबार करने वालों को आज दोगुना मुनाफा होने के आसार नजर आ रहे है। अगर आप जीवनसाथी के साथ रिश्तों में संतुलन बना कर चलेंगे, तो आपके रिश्ते मजबूत होंगे। शुभ अंक- 1

**कुंभ राशि** : आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज आपको किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं होगी। आज आपकी शिक्षा अथवा करियर से समस्त व्यवधान खत्म हो जाएंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन खुशखबरी मिल सकती है। शुभ अंक- 6

**मीन राशि**: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप एक नया टेक्निकल वर्क सीख सकते है, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। शुभ अंक- 2

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेजरी घोटाले को दबाने की कोशिश कर रही है सरकार : प्रतुल शाहदेव

**रांची**। भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार हजारों करोड़ रुपये के कथित ट्रेजरी घोटाले को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच शुरू हुए दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक केवल निचले स्तर के लोगों पर कार्रवाई की गई है, जबकि बड़े जिम्मेदारों तक जांच नहीं पहुंची है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार ने स्पेशल ऑडिट के लिए अकाउंटेंट जनरल (एजी) को अनुशंसा तो की, लेकिन दो महीने बाद भी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्होंने इसे घोटाले को दबाने की साजिश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री द्वारा करीब 10 हजार करोड़ रुपये का हिसाब नहीं मिलने की बात स्वीकार किए जाने के बावजूद प्रथम दृष्टया जिम्मेदार ट्रेजरी अधिकारियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा नेता ने कहा कि जांच की समयसीमा तय नहीं होने से इसकी निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। शाहदेव ने मांग की कि मामले की समयबद्ध जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए और जनता के पैसे की एक-एक पाई का हिसाब लिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को सड़क से सदन तक उठाती रहेगी।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पद्म भूषण मिलने पर भाजपा ने जताई खुशी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता एवं दिवंगत नेता शिबू सोरेन को मरणोपरांत देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का आभार जताया। आदित्य साहू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान शिबू सोरेन के आजीवन संघर्ष, जनसेवा, आदिवासी अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण का राष्ट्रीय सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली महान विभूतियों को उचित सम्मान दे रहा है। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना समस्त झारखंडवासियों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह सम्मान न केवल शिबू सोरेन, बल्कि झारखंड की जनजातीय अस्मिता, संघर्षशील परंपरा और गौरवशाली विरासत को भी समर्पित है। साहू ने कहा कि शिबू सोरेन पूरे झारखंड के नेता थे और उन्होंने आजीवन शराबबंदी, महाजनी प्रथा तथा दहेज प्रथा के खिलाफ संघर्ष किया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बाबूलाल मरांडी ने दी श्रद्धांजलि



नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा नेता बाबू लाल मरांडी ने सोमवार को गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत चंदौरी मंडल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 73वें बलिदान दिवस पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष और बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। मरांडी ने कहा कि "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का डॉ. मुखर्जी का संकल्प आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर देश में राष्ट्र प्रथम की राजनीति को नई दिशा दी और अपने आदर्शों के लिए सत्ता का त्याग करने से भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात कर ही विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों और राष्ट्रसेवा के संकल्प को लेकर समाज और राष्ट्र की सेवा में जुटा हुआ

### मोहर्रम शांति पूर्ण ढंग से मनाने को लेकर प्रशासन का गांवों में दौरा



**गिद्धौर (चतरा)**। मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहब एवं गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने मंगलवार शाम को गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न गांवों पहुंचकर मुहर्रम जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किरकिरा, बरटा, गांगपुर एवं द्वारी गांव पहुंचे।इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों एवं मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।साथ ही लोगो को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। एसडीपीओ ने कहा कि मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।

### जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, समिति ने की सहयोग किया अपील सचिव



**चौपारण (हजारीबाग)**।क्षेत्र में आगामी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति के सदस्य ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, मार्ग की साफ-सफाई और सजावट को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। महोत्सव समिति के सचिव राजदेव यादव ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। रथ निर्माण, विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और महाप्रसाद वितरण की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने रथ यात्रा को सामाजिक समरसता जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और क्षेत्रवासियों से तन-मन-धन से सहयोग करने तथा अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। फिलहाल, पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल है।

# मुहर्रम पर्व को को लेकर समाहरणालय में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा**।समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में मुहर्रम-2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में मुहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, जुलूस मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के जुलूस मार्गों का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई



सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जुलूस मार्गों पर लटके हुए विद्युत तारों को व्यवस्थित किया जाए तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं सुरक्षा संबंधी उपाय किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में बताया गया कि पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी। आमजनों से अपील की गई कि किसी भी अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचना को व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) अथवा अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर साझा अथवा अग्रसारित न करें। किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री की जानकारी तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को उपलब्ध कराएं। बैठक में जानकारी दी गई कि समाहरणालय के पश्चिम स्थित जिला नियंत्रण कक्ष एवं पुलिस कंट्रोल रूम संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06541-253219 एवं मोबाइल संख्या 9117619352 तथा पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 एवं मोबाइल संख्या 9334103794 पर कार्यरत रहेगा। आमजन आवश्यक सूचना अथवा शिकायत इन माध्यमों से उपलब्ध करा सकते हैं। विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी के लिए सादे लिबास में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के कारोबारियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों एवं उत्पाद विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। सिविल सर्जन को मुहर्रम के दौरान एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम को सक्रिय रखने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले की सामाजिक एकता एवं सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा को बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। बैठक में अपर समाहर्ता श्री अरविंद कुमार, निदेशक डीआरडीए श्रीमती अलका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा श्री जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री माहेश्वरी प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, सभी संबंधित अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, कहा– पात्र मतदाता का नाम नहीं कटेगा



नई सोच एक्सप्रेस

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड श्री के. रवि कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान एक भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल एब्सेंट, शिफ्टेड, मृत, डुप्लिकेट एवं गैर-भारतीय श्रेणी के मतदाताओं के नाम ही प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। संथाल परगना प्रमंडल के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने देवघर के मधुपुर एवं दुमका के जरमुंडी प्रखंड में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ की शंकाओं का समाधान करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि 30 जून से बीएलओ घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे। इस दौरान मतदाताओं का पूर्व गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से मैपिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदाताओं को अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि मैपिंग एवं इन्यूमरेशन चरण में किसी भी प्रकार के दस्तावेज मतदाताओं से प्राप्त नहीं किए जाएं। निरीक्षण के दौरान देवघर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री सौरभ कुमार भुवानिया, मधुपुर के अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजीव कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती सागरी बराल सहित संबंधित प्रखंडों के अधिकारी, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही नहीं : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

नई सोच एक्सप्रेस

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में किसी तरह की खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। मंगलवार को दुमका में संथाल परगना के दुमका, देवघर और जामताड़ा जिलों के अधिकारियों के साथ एसआईआर की समीक्षा करते हुए उन्होंने संविधान के अनुच्छेद-326 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 का गंभीर अध्ययन करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जा सकता। उन्होंने बताया कि झारखंड में 23 वर्षों बाद एसआईआर कराया जा रहा है। यह दो चरणों में होगा—पहले मौजूदा मतदाताओं



को इन्यूमरेशन फॉर्म के आधार पर प्रारूप सूची में शामिल किया जाएगा, फिर दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जन्म तिथि और जन्म स्थान से जुड़े दस्तावेजों की जांच होगी। जिन मतदाताओं की पूर्व सूची से मैपिंग हो चुकी है, उन्हें सामान्यतः अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देने होंगे। उन्होंने प्रशिक्षण सामग्री का गहन अध्ययन करने और बीएलओ व सुपरवाइजरों को आयोग के निर्देशों के अनुसार सही प्रशिक्षण देने को कहा। बैठक में आयुक्त संजय कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निष्पादन के निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा**।समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को जनशिकायतों का त्वरित व प्रभावी निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया। दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, पेयजल, आवास योजना, पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े आवेदन उपायुक्त के समक्ष रखे। आवेदनों का क्रमवार अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण कर उन्हें तुरंत संबंधित विभागों को भेजें। साथ ही



हर मामले की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट सौंपने को कहा। mबताते चलें कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित जनता दरबार लगाया जाता है, जहाँ आमजनों अपनी शिकायतों के समाधान के लिए आवेदन देकर समाधान पा सकते हैं।

## छढ़वा डैम निरीक्षण के बाद एक्शन में नगर निगम ,जलापूर्ति सफाई व्यवस्था सुधारने की कवायद तेज

नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग**।शहर में बेहतर जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर नगर निगम ने पहल तेज कर दी है। छड़वा डैम के निरीक्षण के बाद हजारीबाग महापौर अरविन्द कुमार राणा और नगर निगम आयुक्त ने मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव और जलापूर्ति से संबंधित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्था में सुधार लाने पर जोर दिया गया। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि शहरवासियों को नियमित एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए जलापूर्ति



तंत्र की लगातार निगरानी की जा रही है। डैम के गेटों की मरम्मत और अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान की दिशा में भी कार्रवाई की जा रही है ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। छडवा डैम निरीक्षण के दौरान महापौर अरविन्द कुमार राणा और नगर आयुक्त सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। कचरा संग्रहण और उसके निष्पादन की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि शहर के सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी कचरे का जमाव नहीं होने दिया जाए। नगर निगम की ओर से बताया गया कि अमृत योजना के तहत संचालित जलापूर्ति परियोजनाओं की भी समीक्षा की जा रही है। उद्देश्य यह है कि शहर के प्रत्येक घर तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल पहुंच सके। निगम प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार निरीक्षण एवं निगरानी अभियान जारी रहेगा।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पद्मभूषण सम्मान मिलना झारखंड के लिए गौरव का क्षण : विनोद पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्मभूषण सम्मान दिए जाने पर खुशी जताते हुए इसे झारखंड, आदिवासी समाज और राज्य आंदोलन से जुड़े लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान बताया है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन जल, जंगल, जमीन, आदिवासी अस्मिता और सामाजिक न्याय की लड़ाई को समर्पित रहा। उनके नेतृत्व और संघर्ष ने झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन को नई दिशा दी और करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं को आवाज प्रदान की। पांडेय ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में गुरुजी की धर्मपत्नी रूपी सोरेन द्वारा यह सम्मान ग्रहण किया जाना पूरे झारखंड के लिए गर्व और भावनात्मक क्षण है।



उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन की विरासत का सम्मान है। झामुमो महासचिव ने केंद ्र सरकार से मांग की कि शिबू सोरेन के राष्ट्र निर्माण, सामाजिक न्याय और जनसेवा में योगदान को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

नई सोच एक्सप्रेस

**धनबाद**।भाजपा गोविंदपुर पूर्व मंडल के बूथ संख्या 130 में मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती शकुंतला मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में शकुंतला मिश्रा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने जनसंघ की स्थापना, शिक्षा क्षेत्र में योगदान तथा जम्मू-कश्मीर में "एक देश, एक विधान, एक निशान" के संकल्प को



याद किया। कार्यक्रम में मंडल प्रमुख तालेश्वर साव, बूथ अध्यक्ष पूनम देवी, रंजू साहनी, कंचन देवी, अनीता भाटिया, ईशु श्रीवास्तव, इंदु मिश्रा, मीना रावत, सीमा रावत, शुभम मिश्रा, नेहा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मुहर्रम को लेकर सिमरिया थाना में शांति समिति की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

**सिमरिया**।अनुमंडल मे मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को सिमरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार महतो ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पर्व के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारा और विधि-व्यवस्था बनाए रखी जाएगी।थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि 26 जून को क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से ही संचालित किए जाएंगे। विधि-व्यवस्था बनाए रखने



के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक, आपत्तिजनक या अपुष्ट संदेशों के प्रचार - प्रसार से बचें। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अनुमंडल पदअधकारी प्रदीप कुमार महतो ने सभी समुदायों के प्रबुद्ध लोगों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ पर्व मनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों में शांति भंग करने की कोशिश करने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते त्वरित कार्रवाई की जा सके।बैठक में मुख्य रूप से सभी अखड़ो के लोगों शामिल थे एवं वहीं दोनो समुदाय के लोगो भी थे।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा प्रणाली की बदहाली और बेरोजगारी पर कांग्रेस ने जताई चिंता, शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग




झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने देश में पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और गिरती शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। मंगलवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी, मीडिया संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ. एम. तौसीफ और प्रवक्ता सोनाल शांति ने यह मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच करीब 89 पेपर लीक हुए, जिससे 48 परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं। पिछले पांच वर्षों में 15 राज्यों में 41 घटनाओं से लगभग 1.4 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने नीट यूजी 2026, यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती, सीटेट 2021 और यूजीसी नेट 2024 मे अनियमितताओं का भी जिक्र किया। नेताओं ने कहा कि कानून लागू होने के बावजूद पेपर लीक पर रोक नहीं लग सकी है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर युवाओं को रोजगार देने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए शिक्षा बजट बढ़ाने, परीक्षा प्रणाली में सुधार करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग की।

### बीपीएससी में दक्षता हासिल कर गुरु और गांव का नाम रौशन किया अभिज्ञान



**बड़हिया।** बड़हिया के साधारण किसान परिवार में जन्मे अभिज्ञान कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग में दक्षता हासिल कर अपने गुरु राजू जी का मान बढाया। बड़हिया वार्ड नम्बर - 4 के युवक, साधारण किसान, अमरेन्द्र सिंह के पुत्र अभिज्ञान ने पिता, परिवार और गांव- घर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मान बढाया है। अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पॉलटेक्निक और बाद में बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग में नौकरी करते हुए कड़ी मेहनत से किस्मत की लकीर को बदलते हुए स्वयं के भाग्य को खुद बदल डाला। घर पर बधाई देने वाले का तांता लगा हुआ है।

### टाटीझरिया मंडल में भाजपाइयों ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**टाटीझरिया।** भाजपा मंडल टाटीझरिया इकाई द्वारा मंगलवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 73वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। टाटीझरिया मंडल में उपाध्यक्ष राजेश यादव , महेश अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के कश्मीर एकता के संकल्प "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे" को याद करते हुए कहा कि धारा 370 का हटना उनके बलिदान की सच्ची सार्थकता है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिथलेश पाठक, सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, उपेंद्र पांडेय, सुरेश प्रसाद, राजू यादव, प्रमेश्वर यादव, कृष्णा प्रसाद, कौलेश्वर मिश्र, सुनील साव , झुनझुन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष व स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, हालत गंभीर



**मयूरहंड।**थाना क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ढोढ़ी दुर्गा मंदिर ग्राउंड में तेज गति से आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार मैदान में गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया कुछ स्थानीय लोगों के मदद से घायल को हजारीबाग अस्पताल पहुंचाया गया हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। घायल दोनों व्यक्ति माँधनिया के ही बताए जा रहे है।जो रिश्ते में देवर और भाभी है।\ सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन ट्रैक्टर को जब्त नहीं कर पाई है। ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### सिजुआ प्रतापपुर में आंधी-बारिश का कहरः मुख्य सड़क पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन ठप



**चतरा।**प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत सिजुआ गांव में अभी अभी मूसलाधार बारिश और तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। गांव के मुख्य सड़क पर निवासी सूरज यादव के घर के समीप एक विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया, जिससे जोरी-प्रतापपुर मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। पेड़ गिरने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं और आवागमन पूरी तरह ठप पड़ गया है। स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है और लोगों के जरूरी काम अटक गए हैं।आपात स्थिति में एंबुलेंस का पहुंचना भी संभव नहीं है। फिलहाल कुछ ग्रामीण मिलकर पेड़ की डालियां हटाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन पेड़ अत्यंत विशाल होने के कारण बिना JCB मशीन के इसे हटाना संभव नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रतापपुर प्रखंड प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेते हुए मार्ग को साफ करवाने की विनम्र अपील की है ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

# चतरा जिले के पर्यटन स्थलों पर नशा मुक्ति अभियान चलाया

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।**राज्यव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला पर्यटन एवं खेल विभाग द्वारा चतरा के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था। अभियान के तहत माँ भद्रकाली मंदिर (इटखोरी), बक्शा डैम और भेड़ी फार्म डैम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बैनर, पोस्टर और पंपलेट के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक नशामुक्त समाज बनाने और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। इससे पूर्व पत्थलगड़ा के लेम्बोइया मंदिर में भी ऐसा ही कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। इस अभियान को सफल बनाने में जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी श्री कैलाश राम, पर्यटन विशेषज्ञ श्री अंकित कुमार, जिला खेल समन्वयक श्रीमती पूजा कुमारी उरांव और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिला प्रशासन ने सभी जिलेवासियों से इस अभियान में शामिल होकर स्वस्थ और समृद्ध समाज बनाने की अपील की

# कटकमसांडी पश्चिमी मंडल में मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

नई सोच एक्सप्रेस



**कटकमसांडी।** भाजपा पश्चिमी मंडल द्वारा मंगलवार को महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान और बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया और उनका जीवन आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, महामंत्री अरविंद कुमार यादव, लिलों सिंह भोक्ता, संदीप मुण्डा आराभुसाई मुखिया, आदित्य दांगी, निर्मल साव, सुनील कुमार यादव एवं राजकिशोर प्रसाद सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गिरिडीह के जमुआ में दुनिया के सबसे महंगे आम की खेती, किसान ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

नई सोच एक्सप्रेस



**गिरिडीह ।** गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड अंतर्गत नारोबाद गांव में इन दिनों दुनिया के सबसे महंगे आमों में शामिल मियाज़ाकी आम की खेती चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव के किसान महेंद्र हजरा ने अपने बगीचे में इस दुर्लभ और मूल्यवान आम की सफल खेती कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। इस संबंध में समता फेलो नवीन कुमार उर्फ नवीन राज टाइगर ने किसान महेंद्र हजरा से विशेष बातचीत कर जानकारी प्राप्त की। किसान महेंद्र हजरा ने बताया कि उन्होंने कुल 10 मियाज़ाकी आम के पौधे लगाए थे, जिनमें से वर्तमान में 8 पौधे सुरक्षित हैं और उनमें फल भी लग चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस आम को देखने के लिए आसपास के गांवों के लोग लगातार उनके घर पहुंच रहे हैं। यह आम पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है।महेंद्र हजरा ने कहा कि इस आम की खेती तो उन्होंने सफलतापूर्वक कर ली है, लेकिन इसकी बिक्री और विपणन को लेकर उन्हें पर्याप्त जानकारी नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन, कृषि विभाग और उद्यान विभाग से मांग की है कि किसानों को ऐसे दुर्लभ और उच्च मूल्य वाले फलों की मार्केटिंग एवं बिक्री की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें उचित लाभ मिल सके। इस दौरान समता फेलो नवीन कुमार उर्फ नवीन राज टाइगर ने कहा कि यह केवल एक किसान की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को सही प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और बाजार की सुविधा मिले तो वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली फसलों का उत्पादन कर अपनी आय में कई गुना वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से ऐसे किसानों को प्रोत्साहित करने और उनकी उपज को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की दिशा में पहल करने की अपील की। गौरतलब है कि मियाज़ाकी आम जापान के मियाज़ाकी प्रांत में उगाई जाने वाली एक विशेष किस्म है, जिसे दुनिया के सबसे महंगे आमों में गिना जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपये से तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक बताई जाती है। यह आम अपने आकर्षक लाल रंग, अत्यधिक मिठास, बेहतरीन स्वाद और उच्च गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। जापान में इसे "सूर्य का अंडा" के नाम से भी जाना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस आम की खेती के लिए विशेष देखभाल, पर्याप्त धूप और अनुकूल वातावरण की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि इसकी पैदावार सीमित होती है और बाजार में इसकी मांग लगातार बनी रहती है। नारोबाद गांव में मियाज़ाकी आम की खेती यह साबित करती है कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसान भी आधुनिक और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। यदि किसानों को उचित सहयोग और बाजार उपलब्ध कराया जाए तो यह खेती क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## चतरा जिले में भाजपा मुख्यालय में मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा।**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला कार्यालय में मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73वीं पुण्यतिथि को 'बलिदान दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय सहित सभी मंडलों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहाँ कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा" और "डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें" के गगनभेदी नारे लगाए। उपस्थित नेताओं ने डॉ. मुखर्जी के सिद्धांतों और देश की एकता-अखंडता के लिए किए गए उनके संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सह कोडरमा जिला प्रभारी अशोक शर्मा, सरयू राम, युवा जिलाध्यक्ष सुमन सौरव तिवारी, मीडिया प्रभारी काली चरण यादव, अमित सिंह, बबलू सिंह, कन्हैया सिंह, ब्रह्मना मंडल अध्यक्ष दिनेश गोप और उपेंद्र पाण्डेय सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फिल्म 'नायक' के अंदाज़ में नगर आयुक्त का औचक निरीक्षण, निगम कर्मियों में मचा हड़कंप

नई सोच एक्सप्रेस



**गिरिडीह ।** नगर निगम के नवनियुक्त नगर आयुक्त बिजय सिंह बिरुआ मंगलवार को फिल्म 'नायक' के शिवाजीराव की तरह अचानक सफाई व्यवस्था का जायजा लेने नगर निगम कार्यालय पहुंच गए। बिना किसी पूर्व सूचना और तामझाम के पहुंचे नगर आयुक्त ने निगम कार्यालय परिसर के चबूतरे पर बैठकर साफ-सफाई व्यवस्था और कर्मियों की कार्यशैली का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त के अचानक पहुंचने से निगम कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने सबसे पहले सफाई कर्मियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा सफाई कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए नागरिक सुविधाओं एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि बिजय सिंह बिरुआ ने 19 जून 2026 को गिरिडीह नगर निगम के नगर आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया है। इससे पूर्व वे लगभग दो वर्षों तक गिरिडीह में अपर समाहर्ता के पद पर कार्य कर चुके हैं, जिससे जिले की प्रशासनिक और स्थानीय परिस्थितियों से भलीभांति परिचित हैं। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की बात कही। करीब दो घंटे तक नगर निगम परिसर में मौजूद रहे नगर आयुक्त आम नागरिकों और सफाई कर्मियों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी समस्याएं भी सुनते रहे। उनके इस सादगीपूर्ण और सक्रिय कार्यशैली की चर्चा नगर निगम परिसर और शहर में होती रही।

# मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा, स्वच्छता व बच्चों के स्वास्थ्य पर जोर



नई सोच एक्सप्रेस

**खूंटी।** प्रखंड स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को खूंटी की प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सरस्वती वाहिनी संचालक समिति, शिक्षक प्रतिनिधि एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। बैठक में झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची थौर जिला शिक्षा अधीक्षक, खूंटी की ओर से जारी निदेर्शों की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रखंड अंतर्गत मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ ने विद्यालयों में बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता बनाए रखने व भोजन को साफ-सुथरे एवं व्यवस्थित तरीके से परोसने पर विशेष जोर दिया। साथ ही हैंडवॉश, ब्लीचिंग पाउडर सहित आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध रखने का निर्देश दिया गया। विद्यालयों को सभी अभिलेख व पंजियों का नियमित संधारण करने व किसी भी परिस्थिति में प्लास्टिक के बर्तनों का उपयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक में बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए मध्याह्न भोजन मद की पहली किस्त चार दिनों के लिए आवंटित हुई है, जिसे विद्यालयों के खातों में हस्तांतरित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों के आच्छादन में वृद्धि व प्रतिदिन 100 प्रतिशत एसएमएस रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बरसात के मौसम को देखते हुए विद्यालयों को निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों की एएनएम से समन्वय स्थापित कर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने को कहा गया।

# नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा : लक्ष्यों में अनुरूप कार्यों में प्रगति लाने व लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**लातेहार ।** उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने नीति आयोग के सूचकांकों के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, पेयजल, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जिले के प्रदर्शन का आकलन किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में प्रगति लाने तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि नीति आयोग के सूचकांक जिले के समग्र विकास के महत्वपूर्ण मानक हैं। इन सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन से न केवल जिले की रैंकिंग में सुधार होगा बल्कि आम नागरिकों तक सरकारी योजनाओं का प्रभावी लाभ भी पहुंच सकेगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुये निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित सूचकांकों की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के क्रम में जिन क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई है वहां पर सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को नियमित रूप से आंकड़ों का अद्यतन करने, योजनाओं की जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाने तथा लाभुकों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिये प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सविता कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी नेहा निश्चल, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल ने नई दिल्ली में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार से की मुलाकात



नई सोच एक्सप्रेस

**गिरिडीह ।** गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल ने नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय, इंदिरा भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रभारी व प्रखर युवा नेता कन्हैया कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और गिरिडीह जिले में युवा कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत व गतिशील बनाने को लेकर गंभीर एवं विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान मोहम्मद सोहेल ने कन्हैया कुमार को झारखंड प्रदेश की कार्यशैली, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और राज्य में युवाओं के बीच कांग्रेस के बढ़ते जनाधार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आज के युवा कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से प्रेरित हो कर जुड़ रहें है, ओर कई क्षेत्र के लोग जुड़ने के लिए सम्पर्क कर रहें हैं, युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल ने बताया कि आज गिरिडीह में हम जहाँ भी जाते हैं वहां कांग्रेस पार्टी के विचारधारा पर चर्चा जरूर करते हैं सबसे बड़ी बात यह हैं कि वहाँ के आसपास खड़े लोग हमारी बात सुनते हैं ओर जुड़ भी रहें हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पीरबहोर थाना के नए थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह ने संभाला पदभार



**पटना।** पीरबहोर थाना में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर थाना के पुलिस पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिंस एवं पत्रकार महफूज़ आलम ने नए थानाध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। पदभार ग्रहण करने के बाद राज कुमार सिंह ने कहा कि जनता के सहयोग से वे अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेंगे तथा लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर रमाकांत शर्मा, सहायक पुलिस निरीक्षक पवन कुमार, कुंदन कुमार, अल्ताफ समेत थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा ने डा0श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया



**फतुहा।** भाजपा फतुहा नगर मंडल की ओर से जनसंध के संस्थापक डा०श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में उनके चित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के अध्यक्षता में मंगलवार को कल्याणपुर में मनाया गया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद यादव, विधानसभा संयोजक विजय वत्स, मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, महामंत्री ई०सुरजीत कुमार,नगर उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, अनुराधा सिंह,रंजना पटवा, नगर मंत्री अनामिका कुमारी, शक्ति केंद्र प्रमुख संजय गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, एससी मोर्चा अध्यक्ष संजय पासवान, अभिमन्यु सिंह समेत कर्इ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 29 जून को लॉन्च होगा सैमसंग का नया गैलेक्सी M47 5G




**पटना।** सैमसंग इंडिया 29 जून को भारत में अपना नया स्मार्टफोन गैलेक्सी M47 5G लॉन्च करने जा रहा है। कंपनी के अनुसार यह स्मार्टफोन युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और गेमिंग, मल्टीटास्किंग, मनोरंजन तथा दैनिक उपयोग के लिए उन्नत फीचर्स से लैस होगा। गैलेक्सी M47 5G में स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 प्रोसेसर, 6.7 इंच FHD+ सुपर AMOLED डिस्प्ले और 120Hz रिफ्रेश रेट दिया गया है। फोन में 6000mAh बैटरी के साथ 45W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलेगा। मजबूती के लिए इसमें कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ की सुरक्षा दी गई है। फोटोग्राफी के लिए स्मार्टफोन में 50 मेगापिक्सल OIS ट्रिपल रियर कैमरा और 12 मेगापिक्सल HDR फ्रंट कैमरा दिया गया है। यह 4K वीडियो रिकॉर्डिंग और नाइटोग्राफी फीचर को भी सपोर्ट करता है। कंपनी के अनुसार डिवाइस एंड्रॉयड 16 आधारित One UI 8.5 पर चलेगा तथा इसे छह पीढ़ियों तक एंड्रॉयड अपग्रेड और छह वर्षों तक सुरक्षा अपडेट मिलेंगे। फोन में सर्किल टू सर्च, गूगल जेमिनी, सैमसंग वॉलेट, ऑटो ब्लॉकर और नॉक्स वॉल्ट जैसे एआई एवं सुरक्षा फीचर्स भी उपलब्ध होंगे। गैलेक्सी M47 5G रोग रेड और ब्लेज ब्लू रंग विकल्पों में उपलब्ध होगा। कंपनी ने इसे आकर्षक डिजाइन और दमदार प्रदर्शन के साथ युवा उपभोक्ताओं के लिए पेश करने की तैयारी की है।

### ज्वेलरी दुकान में चोरी कांड का सफल उद्भेदन, भारी मात्रा में जेवरात के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार



**दानापुर।** शाहपुर थाना के पतलापुर दियारा में एक ज्वेलर्स दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा आभूषणों की चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने मामला का उद्भेदन करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में जेवरात बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि शाहपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पतलापुर दियारा में स्थित विगत 7 जून को एक ज्वेलर्स दुकान में अज्ञात चोरो के द्वारा आभूषणों की चोरी की घटना को कारित किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक दानापुर पटना के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। जो तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान एवं मानवीय सूचना के आधार पर कांड में संलिप्त कुल 3 अप्राथमिकी अभियुक्तों दीघा का रहने वाला पंकज कुमार, न्यू गोसाई टोला दानापुर का विरू कुमार एवं हाबसपुर, शाहपुर का निवासी राहुल कुमार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से कान की बाली 7 जोडा, सोने का लॉकेट 13 पीस, चादी का आभूषण 8 पीस, चाँदी का कड़ा, बेरा, चाँदी की सिकड़ी 7 पीस, बच्चा का हाथ काड़ा, बिछिया 20 जोडा, पायल के अलावा वारदात के समय प्रयुक्त स्कार्पियो व मोबाइल को बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पहले भी चोरी की घटना में जेल जा चुके हैं। इन सभी पर कानूनी कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# स्कूली बच्चों को दिया गया नशामुक्त जीवन का संदेश

नई सोच एक्सप्रेस

**गिरिडीह ।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध पूरे जिले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर के नेतृत्व में मकतपुर उच्च विद्यालय, गिरिडीह में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने तथा नशे जैसी



सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और उनका स्वस्थ, शिक्षित एवं जागरूक होना समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि निषिद्ध मादक पदार्थ न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करते हैं। उन्होंने छात्रों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। साथ ही नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह अभियान जिलेभर में लगातार जारी है, जिसका उद्देश्य युवाओं एवं आमजनों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

# अपने क्षेत्रवासियों को भटकने नहीं दूंगी: अंबा प्रसाद

नई सोच एक्सप्रेस

**भुरकुंडा (रामगढ़) ।** बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने मंगलवार को अपने पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें अंबा प्रसाद ने गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से तत्काल बातचीत की। जनता दरबार के दौरान क्षेत्रवासियों ने प्रखंड में उपलब्ध दो एंबुलेंसों की खराब स्थिति का मुद्दा भी उठाया। इस पर अंबा प्रसाद ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर एंबुलेंस की मरम्मत नहीं हुई तो वह स्वयं प्रखंड कार्यालय पहुंचकर धरना देंगी और एंबुलेंस चालू होने



तक वहीं बैठी रहेंगी। जवाब में चिकित्सा पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि एंबुलेंस की मरम्मत की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इसे दुरुस्त कर लिया जाएगा। अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसी उद्देश्य से वह प्रत्येक मंगलवार को अपने पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में जनता दरबार लगाती हैं, ताकि आम लोग सीधे अपनी समस्याएं उनके समक्ष रख सकें और उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे मंगलवार को जनता दरबार में पहुंचें। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष देवानंद प्रसाद, पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, जयंत तूरी, योगेंद्र सिंह खरवार, संजय सिंह, रवि कुमार, प्रदीप साव, मेराज अंसारी, शशिकांत प्रसाद, संजू कुमार, सोनी देवी, अशोक प्रसाद, मनबोध महली, हरिदास साव, सुनील महतो, सुरेंद्र महतो, इमरान अंसारी, अजीत सिंह खरवार, राकेश प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# बिहार आईपीएल में अंकुश का पंजा, हिमांशु राज का तूफानी अर्धशतक, दरभंगा कैपिटल की रोमांचक जीत

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राजधानी पटना के जगजीवन स्टेडियम में सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च के तत्वावधान में खेले जा रहे बिहार इंस्टीट्यूट प्रीमियर लीग ( बिहार आईपीएल ) में आज अंडर -13 आयु वर्ग में दरभंगा कैपिटल ने राजगीर रॉयल्स को 12 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। जबकि अंडर - 17 आयु वर्ग में राजगीर रॉयल्स और चंपारण सुपर किंग के बीच खेले गए मुकाबले में चंपारण सुपर किंग ने 6 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। वहीं अंडर -17 आयु वर्ग में गया टाइटंस ( जीटी ) और मुंगेर इंडियन ( एमआई ) के बीच खेले गए मुकाबले में गया टाइटंस ने 8 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीद को कायम रखा।पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंगेर इंडियन के बल्लेबाजों को गया टाइटंस के तेज गेंदबाज अंकुश कुमार राय ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3.3 ओवरों में केवल 13 रन खर्च कर पांच बल्लेबाजों को अपना



शिकार बनाया वही हिमांशु शेखर ने चार ओवर में एक मेडेन ओवर के साथ केवल 6 रन खर्च करते हुए दो बल्लेबाजों को अपनी फिरकी जाल में फंसाया रितेश और अक्षय आनंद ने एक-एक विकेट चटकाते हुए मंगेश इंडियन को 82 रनों पर ढेर कर दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शान कुमार ने 16 गेंद में चार चौके और दो गगनचुंबी छक्के जड़ते हुए नाबाद 36 रनों की आकर्षक पारी खेलते हुए 6.1 एवं ओवरों में दो विकेट खोकर 8 विकेट से जीत दर्ज करते हुए विजय लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूल - ( ए ) से सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीद को कायम रखा है जबकि अक्षय आनंद ने 22 रनों की उपयोगी पारी खेली और शाहिल आलम बिना कोई गेंद खेले नाबाद लौटें।एक अन्य अंडर -17 का मुकाबला चंपारण सुपर किंग और राजगीर रॉयल्स के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए चंपारण सुपर किंग ने कप्तान हिमांशु राज की 33 गेंद पर 76 रनों की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी और आशीष के 24 रनों की उपयोगी पारी की बदौलत अपने सभी विकेट खोकर 158 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें राजगीर रॉयल्स के गेंदबाज सनी ने तीन विकेट विराट ने दो विकेट जबकि आदर्श आयुष और प्रत्यूष ने एक-एक विकेट चटकाए।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजगीर रॉयल्स के कप्तान विराट यादव ने एक छोर पर साहसिक पारी खेलते हुए 61 गेंद में 67 रन बनाए जबकि सनी ने 34 रनों की उपयोगी पारी खेली लेकिन इस रोमांचक मुकाबले में चंपारण सुपर किंग्स के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अभिनव सिंह की शानदार गेंदबाजी चार ओवर में 20 रन खर्च कर चार विकेट हासिल करते हुए 6 रनों से जीत दर्ज कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया और टीम को पूल - ( बी ) ग्रुप से सेमीफाइनल में क्वालीफाई कराया। इससे पहले आज सुबह अंडर -13 आयु वर्ग में दरभंगा कैपिटल और राजगीर रॉयल्स के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें दरभंगा कैपिटल ने 12 रन से राजगीर रॉयल्स को पराजित करने में सफलता हासिल की। इससे पहले राजगीर रॉयल्स की टीम दो मैच जीतकर सेमीफाइनल क्वालीफाई कर चुकी थी।

### एसआईआर को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों और बीएलए के साथ की बैठक



सुधा सरोवर संवाददाता

**गुमला ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला अखिलेश कुमार द्वारा मंगलवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों एवं भौतिक सत्यापन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बताया गया कि कार्यक्रम 20 जून से 7 अक्टूबर तक संचालित होगा। इसके तहत 20 जून से 29 जून तक प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य, 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन, 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन तथा 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 3 अक्टूबर तक किया जाएगा तथा 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों से पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग देने तथा पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल कराने हेतु जागरूकता फैलाने की अपील की। बैठक में राजनीतिक दलों को बीएलए-2 की नियुक्ति एवं विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जिन दलों द्वारा अभी तक बीएलए-2 का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है, वे अविलंब निर्धारित प्रपत्र में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि सभी बीएलए-2 को समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को मिला प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस

**गुमला ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने गुमला ग्रामीण एवं नगर परिषद क्षेत्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने घर-घर सत्यापन, प्रपत्रों के संधारण, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटियों के सुधार तथा मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के सत्यापन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। कल भी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, अनुमंडल पदाधिकारी ने सम्बंधित प्रशिक्षकों को बीएलओ के साथ



समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देश दिया। प्रशिक्षण के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी ने बूथ संख्या-154 एवं 166 का निरीक्षण कर मतदाता सूची का मिलान किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को सत्यापन कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं विश्वसनीय बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण सत्यापन कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी कुड़ू मंडल ने श्रद्धापूर्वक मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

नई सोच एक्सप्रेस

**कुड़ू/लोहरदगा ।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मंगलवार को बलिदान दिवस के रूप में पूरे श्रद्धा व सम्मान के साथ कुड़ू में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कुड़ू मंडल ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कृष्णा मोदी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री संजय चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर की गई। उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने उनके बताए आदर्शों व राष्ट्रहित में दिए गये योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कृष्णा मोदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अलग विधान व अलग निशान के विरोध में उन्होंने जो संघर्ष किया वह भारतीय इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देश के करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए डॉ. मुखर्जी प्रेरणास्रोत हैं व उनके विचार राष्ट्र निर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि जिला मंत्री संजय चौधरी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि महान शिक्षाविद्, राष्ट्रवादी चिंतक व भारत की एकता के सच्चे प्रहरी थे। उन्होंने कहा कि एक देश में दो



विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेंगे का उनका नारा आज भी देशवासियों के भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने व राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता अखंडता व विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान व धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर श्याम किशोर गुप्ता, पंखराज उरांव, सूरज प्रसाद साहु, महादेव भगत, रोहन कुमार, मनोज कुमार, हाकीम अंसारी, शंकर उरांव, बुधराम उरांव, राजेश प्रसाद, शशि कुमार, नवीन कुमार चुन्नू, कृष्णा कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने पश्चिमी भारत में पहली बार पल्स्ड फील्ड एब्लेशन तकनीक से किया सफल इलाज, मरीज 24 घंटे में डिस्चार्ज

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने हृदय की अनियमित धड़कनों (एट्रियल फाइब्रिलेशन) के इलाज में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए पश्चिमी भारत में पहली बार पल्स्ड फील्ड एब्लेशन तकनीक का सफल उपयोग किया। 62 वर्षीय महिला मरीज का इलाज 16 जून को इस अत्याधुनिक तकनीक से किया गया और उन्हें मात्र 24 घंटे के भीतर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट, और 'हार्ट रिदम एंड कार्डिएक डिवाइस सर्विसेज' के ग्रुप लीड, डॉ. वेंकट डी नागराजन ने कहा, पल्स्ड फील्ड एब्लेशन एट्रियल फाइब्रिलेशन के इलाज में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। असामान्य हृदय टिश्यूज़




को टार्गेट करने के लिए हाई-एनर्जी इलेक्ट्रिकल पल्स का उपयोग करके, यह तकनीक पारंपरिक एब्लेशन तरीकों की तुलना में एक अधिक सुरक्षित और प्रभावी विकल्प प्रदान करती है। पश्चिमी भारत में इसकी शुरूआत हमारे मरीज़ों को उनके घर के करीब ही वैश्विक स्तर की उन्नत हृदय चिकित्सा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। मरीज़ ने बताया, मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि मैं अगले ही दिन अस्पताल से पैदल चलकर बाहर आ जाऊँगी। महीनों से तेज़ धड़कनों ने मेरी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को बुरी तरह प्रभावित कर रखा था। मुझे ऐसा महसूस हो रहा है जैसे मुझे नया जीवन मिल गया हो। यह प्रक्रिया मेडट्रॉनिक पल्ससिलेक्ट™ पल्स्ड फील्ड एब्लेशन सिस्टम की मदद से 90 मिनट से भी कम समय में पूरी की गई, जबकि वास्तविक एब्लेशन में 30 सेकंड से भी कम समय लगा। यह पारंपरिक एब्लेशन तकनीकों की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत समय की बचत करता है। मरीज के एक सप्ताह के भीतर सामान्य दिनचर्या में लौटने की उम्मीद है। यह तकनीक पहले अमेरिका और यूरोप में अपनाई जा चुकी है। मुंबई में इसकी शुरुआत से महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा और मध्य प्रदेश सहित पश्चिमी भारत के मरीजों को पहली बार अपने क्षेत्र में ही विश्वस्तरीय, आधुनिक हृदय उपचार की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अस्पताल ने कहा कि यह उपलब्धि भारत में उन्नत हार्ट रिदम उपचार को नई दिशा देने की उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, उप विकास आयुक्त ने किया रक्तदान

नई सोच एक्सप्रेस

**लातेहार ।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला समाहरणालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं रक्तदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई भी कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है इसलिये जरूरत पड़ने पर केवल मानव के द्वारा दिया गया रक्त ही किसी मरीज के लिये जीवनदाता बनता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुये कहा कि सभी स्वस्थ नागरिक स्वेच्छा से रक्तदान के लिये आगे आयें तथा समाज में रक्तदान



के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी सहभागिता निभायें। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है बल्कि, यह एक सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे अनेक लोगों को नया जीवन मिल सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य लोगों ने भी रक्तदान के प्रति अपनी सकारात्मक भागीदारी दिखाई तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, डॉ धर्मशीला चौधरी, डॉ विवेक विद्यार्थी, लैब टेक्नीशियन विनय कुमार सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## टॉक्सिक की रिलीज तारीख का ऐलान

# राया बनकर 26 अगस्त को सिनेमाघरों में दहाड़ेंगे यश



कन्नड़ सुपरस्टार यश ने फादर्स डे पर अपने फैंस को तोहफा दिया है. उन्होंने अपनी आने वाली एक्शन फिल्म टॉक्सिक की नई तारीख का एलान किया है. इस अपडेट ने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है. फैंस यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हालांकि फिल्म की रिलीज कई बार टल चुकी है. पहले इसे 19 मार्च को रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में इसे 4 जून के लिए टाल दिया गया. हालांकि, उस तारीख पर भी फिल्म रिलीज नहीं हो पाई और तब से कोई नई घोषणा नहीं हुई है. लेकिन मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है. रविवार को यश ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर टॉक्सिक का नया पोस्टर शेयर किया है और फिल्म की रिलीज डेट के बारे में अपडेट दिया. उन्होंने कैप्शन में रिलीज डेट का खुलासा करते हुए लिखा है, अपने पिता का सम्मान करें... टॉक्सिक दुनिया भर के सिनेमाघरों में 26-08-2026 से. महीनों पहले यश ने इंस्टाग्राम पर एक बयान जारी करके दूसरी बार हुई देरी के बारे में बताया. उन्होंने लिखा, कुछ फिल्में हम बनाते हैं,

और कुछ फिल्में हमें याद दिलाती हैं कि हमें सिनेमा से प्यार क्यों हुआ. टॉक्सिक भी ऐसी ही एक यात्रा रही है. सिनेमाकॉन में अपनी फिल्म को पेश करना और दुनिया भर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को देखना इस बात की पुष्टि करता है कि हम हमेशा से क्या मानते आए हैं कि यह फिल्म दुनिया भर में अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने की हकदार है. गीतू मोहनदास की डायरेक्ट की हुई फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग कन्नड़ और अंग्रेज़ी में एक साथ की गई है. फिल्म के हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम डब वर्शन भी प्लान किए गए हैं. यह फिल्म गोवा पर आधारित है और 1940 से 1970 के दशक तक फैले एक ड्रग कार्टेल के उभार की कहानी दिखाती है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यश इसमें डबल रोल निभा रहे हैं और उन्होंने मोहनदास के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है. टॉक्सिक में यश अहम भूमिका में हैं. इस फिल्म को और भी खास बनाती है इसमें शामिल महिला किरदारों की दमदार लिस्ट. नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया जैसी हसीनाएं इसमें अहम भूमिकाएं निभा रही हैं. फिलहाल यह फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. वहीं 28 अगस्त को श्रद्धा कपूर की फिल्म ईथा को रिलीज होगी. यह देखना और भी दिलचस्प होगा कि क्या श्रद्धा की फिल्म रिलीज होने से पहले यश का एक्शन ड्रामा बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ पाएगी या नहीं.



## मैं वापस आऊंगा ने दूसरे हफ्ते में दिखाया कमाल

### निर्देशक इम्तियाज अली ने जताया आभार

दिलजीत दोसांझ की रोमांटिक ड्रामा फिल्म मैं वापस आऊंगा का जादू बॉक्स ऑफिस पर चल पड़ा है। जहां शुरुआत में इसे भारी गिरावट का सामना करना पड़ा था, तो वहीं अब इसने दम दिखाना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर मिल रही सकरात्मक प्रतिक्रियाओं और दर्शकों के समर्थन के बाद फिल्म ने अपने दूसरे हफ्ते में अप्रत्याशित और उत्साहजनक वृद्धि हासिल की है। इस सफलता से फिल्म के निर्देशक इम्तियाज अली भी खुश नजर आए हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 9वें दिन, यानी शनिवार को 4.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जो पहले शनिवार (1.85 करोड़ रुपये) के मुकाबले काफी ज्यादा है। फिल्म ने 10वें दिन, यानी रविवार की दोपहर तक 20 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन कर लिया है। इस बढ़त ने फिल्म के ज्यादा कलेक्शन की उम्मीद को बढ़ा दिया है। उधर निर्देशक ने इस सफलता का श्रेय जनता को दिया है। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा हैरान और थोड़ा खुश हैं। उन्होंने आगे कहा, "पहले जिस दिन शुक्रवार को फिल्म रिलीज हुई थी, और आज एक हफ्ते बाद फिर शुक्रवार है, तो कलेक्शन पहले शुक्रवार से शायद डबल है। यह एक अभिभूत होने वाला एहसास है, बहुत खुशी की बात है। मैं जनता का दिल से आभार व्यक्त करता हूं।" बता दें, मैं वापस आऊंगा में दिलजीत के अलावा नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी भी मुख्य किरदारों में हैं। यह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# कॉकटेल 2 बॉक्स ऑफिस डे 2: लोगों को पसंद आ रहा शाहिद, रश्मिका, कृति का लव ट्रैंगल फिल्म ने 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार



शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने कॉकटेल 2 को बॉलीवुड फैंस की वॉचलिस्ट में जगह दिला दी है. सबसे ज्यादा चर्चा शाहिद और रश्मिका की पहली बार साथ आने वाली जोड़ी की हो रही है. उनकी नई जोड़ी ने पहले ही लोगों में उत्सुकता जगा दी है, खासकर उन दर्शकों में जिन्हें शानदार रोमांटिक फिल्में पसंद हैं. कृति के होने से फिल्म का स्टार पावर और बढ़ गया है. हालांकि शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म कॉकटेल 2 की कमाई में दूसरे दिन ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई. लेकिन यह डबल डिजिट में कमाई करने में कामयाब रही. कॉकटेल अपने गानों, दोस्ती में टकराव और मॉडर्न रिश्तों के ड्रामा की वजह से यादगार बन गई थी. इसकी लोकप्रियता सिर्फ व ट्राएंगल पर ही नहीं, बल्कि शहर में रहने वाले युवा दर्शकों के लिए बनाए गए खास माहौल पर भी टिकी थी. इसी पुरानी याद की वजह से कॉकटेल 2 को पहले से ही फायदा मिल रहा है. इसमें रोमांस, इमोशनल, शानदार विज़ुअल्स और ऐसे साउंडट्रैक की उम्मीद करेंगे जो फिल्म के बाद भी लोगों को पसंद आए. कॉकटेल 2 ने अपनी दमदार कहानी और साउंडट्रैक की वजह से लोगों के दिलों पर राज कर रही है. इसी वजह से फिल्म ने पहले दिन शानदार कमाई की है. मेकर्स ने पहले दिन की कमाई का आंकड़ा अपने फैंस के साथ साझा किया. मेकर्स के मुताबिक, कॉकटेल 2 ने अपोनिंग डे पर वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 24 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था., जिसमें से इसने इंडिया में 16.64 करोड़ रुपये ग्रॉस और 14.1 करोड़ रुपये नेट का बिजनेस किया. ओवरसीज से इसने 7.36 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई की है. बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग के बाद फिल्म ने दूसरे दिन भी शानदार कमाई की. मेकर्स ने रविवार को फिल्म के दूसरे दिन की कमाई का आंकड़ा साझा किया है. मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 29.4 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इस तरह कॉकटेल 2 दुनियाभर में कुल 53.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. वहीं, भारत में इसने 31.25 करोड़ रुपये का कुल नेट कलेक्शन किया है. होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी कॉकटेल 2 की कहानी कुणाल (शाहिद कपूर) और दीया (रश्मिका मंदाना) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका बचपन का प्यार होता है. हालांकि उनके बीच गहरा रिश्ता है, लेकिन वे शादी की दिशा में अगला कदम उठाने को लेकर हिचकिचाते हैं. सिसिली में छुट्टियों के दौरान उनकी जिंदगी में एक मोड़ आता है, जहां वे दीया की करीबी दोस्त एली (कृति सेनन) से मिलते हैं. एली उन्हें अपनी यात्रा के प्लान को छोड़कर उसके साथ समय बिताने के लिए मना लेती है. जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सीन लव ट्रैंगल में बदल जाता है. फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, लव रंजन, प्रमिता आर विजान और अंकुर गर्ग ने किया है.



## निकिता दत्ता ने 'कबीर सिंह को बताया करियर का टर्निंग प्वाइंट, कहा- इस फिल्म ने मुझे जरूरी बदलाव दिया

शाहिद कपूर की कबीर सिंह को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने करियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी और बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया। निकिता ने 'कबीर सिंह को अपने करियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके करियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही नजदीकियां में मुख्य भूमिका निभाती नजंर आएंगी। यह प्राइम वीडियो इंडिया की आने वाली सीरीज है, जिसे धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। यह प्रोजेक्ट धर्माटिक के साथ उनका पहला कोलेबोरेशन है। धर्माटिक करण जौहर का डिजिटल कंटेंट डिवीजन है। सीरीज से जुड़ने के बारे में बात करते हुए दत्ता ने कहा कि मुझे लगता है कि करण जौहर आज के समय में फैमिली-रोमकॉम के जीनियस हैं। जब से मैंने एक्टिंग शुरू की है, उनकी ड्रामेडी का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है। जब मुझे यह ऑफर मिला, तो इसे ठुकराने का कोई सवाल ही नहीं था। आज के दौर के रिश्तों पर आधारित ड्रामा नजदीकियां में निकिता मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ परेश पाहुजा, आकांक्षा सिंह और ताहा शाह भी हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो इंडिया पर स्ट्रीम होगी। निकिता दत्ता को आखिरी बार ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स में देखा गया था, जिसमें उन्होंने सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ काम किया था।

# एक खास किस्म का फल है तारा सेब, इसे इन तरीकों से करें डाइट में शामिल



तारा सेब एक खास फल है, जो आकार में तारे की तरह दिखता है और स्वाद में खट्टा-मीठा होता है। यह फल विटामिन-सी, पोटेशियम और फाइबर से भरपूर होता है। आमतौर पर तारा सेब का सेवन सलाद या ठंडे पेय के रूप में किया जाता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि इसे अन्य कई तरीकों से भी खाया जा सकता है? आइए आज हम आपको तारा सेब के कुछ अनोखे व्यंजनों के बारे में बताते हैं।

तारा सेब का रस बनाकर पिएं : तारा सेब का रस पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें विटामिन-सी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब को धोकर उसके टुकड़े कर लें, फिर उसे रस निकालने वाले यंत्र में डालकर उसका रस निकालें। इस रस को ताजे पुदीने की पत्तियों और थोड़ी-सी चीनी के साथ मिलाकर पीएं। यह पेय गर्मियों में आपको तरोताजा रखेगा।

तारा सेब की चटनी बनाएं : तारा सेब की चटनी खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद कर सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब को छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर उसमें अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और नमक मिलाकर पीस लें। इस मिश्रण को थोड़ी देर पकाएं, ताकि सारे मसाले अच्छे से मिल जाएं। इस चटनी को पराठे या रोटी के साथ खाया जा सकता है। यह आपके खाने को नया स्वाद देगी और पौष्टिक भी होगी।

तारा सेब का ठंडा मीठा बनाएं : गर्मियों में ठंडा-ठंडा मीठा खाना किसे पसंद नहीं होता? स्टार सेब का ठंडा मीठा बनाना बहुत आसान है। इसके लिए सबसे पहले स्टार सेब के टुकड़ों को पीस लें, फिर इसमें दूध, चीनी और मलाई मिलाकर जमने के लिए रख दें। कुछ घंटों बाद आपका ठंडा मीठा तैयार हो जाएगा। इसे ठंडा-ठंडा परोसें और अपने परिवार के साथ इसका आनंद लें। यह न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। तारा सेब का मीठा मुरब्बा नाश्ते में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब के टुकड़ों को चीनी और नींबू रस के साथ पकाएं, जब तक कि वह गाढ़ा न हो जाएं। इस मुरब्बे को ब्रेड या पराठे पर लगाकर खाया जा सकता है। यह मुरब्बा न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन-सी आपकी सेहत के लिए फायदेमंद है। इसे ठंडा करके फ्रिज में भी रखा जा सकता है।

तारा सेब का मिल्क शेक बनाएं : सुबह-सुबह ऊर्जा से भरपूर रहने के लिए तारा सेब का मिल्क शेक पीना अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक यंत्र में एक तारा सेब का टुकड़ा, आधा केला, थोड़ी दही और शहद डालकर अच्छे से पीस लें। इस मिश्रण को गिलास में डालकर ऊपर से थोड़ी-सी पुदीने की पत्तियां डालें। यह मिल्क शेक न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व भी आपको ताजगी देंगे।

# पूर्व कप्तान मिताली राज का सुझावः हरमनप्रीत नंबर चार पर, जेमिमा रोड्रिग्स नंबर पांच पर खेलें

**एजेंसी, मैनचेस्टर**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने टीम के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का सुझाव दिया है। मिताली का मानना है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर को नंबर चार पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स को नंबर पांच पर उतारा जाना चाहिए। मिताली ने ये बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार को देखते हुए कही है। इससे सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों को झटका लगा है, क्योंकि अब उन्हें अपने शेष सभी मैच जीतने होंगे। मिताली ने कहा कि अब भारतीय टीक को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मैच भारत के जीतने लायक था, लेकिन अब आगे का रास्ता मुश्किल है। बल्लेबाजी क्रम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, हमने हरमनप्रीत को नंबर 5 पर इतनी देर से बल्लेबाजी करते हुए बहुत कम देखा है। इसलिए, शायद वह नंबर चार पर और जेमिमा नंबर पांच पर आ सकती हैं। उन्होंने जेमिमा को नंबर पांच पर भेजने को लेकर कहा, जेमिमा पहले भी नंबर पांच पर खेल चुकी हैं और वहां उन्होंने काफी रन बनाए हैं। जब वह बल्लेबाजी के लिए आएंगी, तो संभावना है कि उन्हें स्पिनरों का सामना करना पड़े, जो उनकी ताकत है। वह अपने पैरों का इस्तेमाल कर सकती हैं और स्कूप और स्वीप शॉट अच्छे से खेलती हैं। मिताली का मानना है कि इस बदलाव से जेमिमा का आत्मविश्वास बढ़ सकता है, वह लय में वापस आ सकती हैं और वह मोमेंटम दोबारा हासिल कर सकती हैं, खासकर अगर हरमनप्रीत उनसे पहले बल्लेबाजी करें। मिताली ने बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरानी की अनुशासित गेंदबाजी को इस मैच में भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू बताया। चरानी ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को दबाव में ला दिय था। और बाद में एक और महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर अपना शानदार स्पेल समाप्त किया। पूर्व कप्तान ने चरानी की तारीफ करते हुए कहा, श्री चरानी जल्दी सीखने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने इंग्लिश कंडीशंस में डेब्यू किया था, इसलिए उन्हें वहां के हालात की अच्छी जानकारी है। उन्होंने बताया कि पिच से ज्यादा टर्न न मिलने के बावजूद, चरानी ने लगातार स्टंप्स पर अटैक किया, पेस और लेंथ में बदलाव किए, और अपनी पसंद के हिसाब से फील्ड सेट की। चरानी के दो बड़े विकेट ने भारत को खेल में वापस ला दिया था, और दूसरे स्पेल में भी उनकी लाइन बहुत सटीक थी।

## वाइल्ड कार्ड के जरिये विंबलडन में वापसी करेंगी सेरेना : ऑल इंग्लैंड क्लब



**एजेंसी, लंदन।** अमेरिका की अनुभीव महिला टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स 44 साल की उम्र में विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में वापसी करने जा रही हैं। इसके लिए उन्हें वाइल्ड कार्ड के जरिये प्रवेश दिया गया है। सेरेना ने साल 2022 में खेल से संन्यास ले लिया था। वहीं अब वह चार साल खेल से दूर रहने के बाद फिर से कोर्ट में नजर आयेंगी। पिछले कुछ दिनों से उनकी वापसी की अटकलें थी जो अब सही साबित हुई हैं। ऑल इंग्लैंड क्लब ने अपने एक बयान में सब कुछ साफ कर दिया है सेरेना 29 जून से शुरु हो रहे विंबलडन में खेलेंगी। ऑल इंग्लैंड क्लब ने अपने एक बयान में कहा, ''सेरेना को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।'' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों ही वर्ग में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड हासिल कर लिया है।'' डब्ल्यूटीए टूर ने कहा, ''विंबलडन ने महिला एकल वर्ग में आठवें और अंतिम वाइल्ड कार्ड को सेरेना के लिए बचाये रखा था। इसी सप्ताह की शुरुआत में बर्लिन में युगल मैच हारने के बाद ऐसा लग रहा था कि वह इस फैसले को लेकर दुविधा में हैं। ''सेरेना ने अंतिम समय तक अपने खेलने को लेकर संशय बनाए रखा था, क्योंकि जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि क्या वह एकल मुकाबले में वापसी करेंगी तो उन्होंने जवाब दिया था, ''क्या आपको लगता है कि मैं एकल मुकाबले के लिए तैयार हूं.'' गौरतब है कि अपने करियर में सेरेना ने एकल में 23 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं. इनमें से सात विंबलडन खिताब शामिल हैं। उन्होंने 2002, 2003, 2009, 2010, 2012, 2015 और 2016 में विंबलडन खिताब जीता है। उन्होंने युगल में भी वीनस के साथ 14 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। इनमें से छह विंबलडन में जीते हैं। सेरेना ने 2012 के लंदन ओलंपिक में एकल और युगल में वीनस के साथ दोनों खिताब जीते थे, जब टेनिस प्रतियोगिता ऑल इंग्लैंड क्लब में खेली गई थी।

## आईपीएल : ऋषभ पंत की दिल्ली में वापसी, कुलदीप यादव बने लखनऊ का हिस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 सत्र से पहले बड़ा बदलाव देखने को मिला है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक बार फिर दिल्ली कैपिटल्स में लौट आए हैं, जबकि बाएं हाथ के कलाई स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की ओर से खेलेंगे। आईपीएल की ओर से मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि इस अदला-बदली के तहत पंत को 15 करोड़ रुपये के अनुबंध पर दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा है, जबकि कुलदीप यादव 13.5 करोड़ रुपये के अनुबंध के साथ लखनऊ टीम का हिस्सा बने हैं। ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। उन्हें 2025 की मेगा नीलामी में लखनऊ ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब वह कम राशि पर अपनी पुरानी टीम दिल्ली में वापसी कर रहे हैं। यह लगातार दूसरा बड़ा मामला है, जब किसी स्टार खिलाड़ी ने टीम बदलने के साथ कम राशि वाले अनुबंध को स्वीकार किया है। इससे पहले 2026 सत्र से पहले हुए बड़े बदलाव में ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और संजू सैमसन की अदला-बदली चर्चा में रही थी। दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स को कुलदीप यादव के रूप में एक अनुभवी स्पिन गेंदबाज मिला है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले कुलदीप अब अपने गृह राज्य की आईपीएल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली के लिए खेलते हुए उन्होंने 2022 से अब तक 65 मैचों में 72 विकेट लिए और अपनी नियंत्रित गेंदबाजी से टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

## चोटिल नितीश रेड्डी आयरलैंड और इंग्लैंड टी-20 श्रृंखला से बाहर, शेडगे को मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं से पहले बड़ा झटका लगा है। हरफनमौला खिलाड़ी नितीश कुमार रेड्डी चोट के कारण दोनों श्रृंखलाओं से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा खिलाड़ी सूर्यांश शेडगे को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार नितीश कुमार रेड्डी को 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले के बाद बाईं जांघ (क्वाड्रिसेप्स) में असहजता महसूस हुई थी। इसके बाद चिकित्सकीय जांच कराई गई, जिसमें बोर्ड की चिकित्सा टीम ने उन्हें पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) की सलाह दी। इसी कारण उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली दोनों टी-20 श्रृंखलाओं से बाहर कर दिया गया। उनके स्थान पर चयनकर्ताओं ने सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल करने का निर्णय लिया। सूर्यांश ने हाल ही में श्रीलंका में सम्पन्न भारत 'ए' त्रिकोणीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था। मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने पांच मुकाबलों में 147 रन बनाए और गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए पूरे टूर्नामेंट में 23 ओवर डाले। इसके अलावा सूर्यांश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024–25 में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे अधिक बार शून्य पर आउट हुए सचिन

**एजेंसी, मुम्बई**



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई रिकार्ड है। सचिन ने सभी टीमों के खिलाफ जमकर रन बनाये हैं। उनके बल्ले से किसी गेंदबाज का बचना असंभव रहा है। इसके बाद भी कई बार ऐसा भी हुआ है जब सचिन खाता नहीं खोल पाये हों। हैरान की बात ये है कि वह सबसे अधिक उन्हें शून्य पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड नहीं बल्कि वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने आउट किया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो सचिन अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में सबसे अधिक बार वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 बार शून्य पर आउट हुए हैं। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ 7 बार और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 बार बिना वह शून्य पर आउट हुए। न्यूजीलैंड के खिलाफ भी वह 5 बार खाता नहीं खोल पाये थे। वहीं कुछ टीमें ऐसी भी रहीं जिनके गेंदबाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन को कभी शून्य पर आउट नहीं कर पाए। इनमें बांग्लादेश 19 मैच, बरमूडा 1 मैच, इंग्लैंड 19 मैच, आयरलैंड 2 मैच, केन्या 10 मैच, नामिबिया 1 मैच, नीदरलैंड 2 मैच, यूएई 2 मैच शामिल हैं। सचिन ने अपने 24 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले. इसमें वह तीनो प्रारुपों को मिला दिया जाये तो कुल 34 बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शून्य पर आउट हुए हैं। सचिन के करियर के ओवरऑल रिकॉर्ड्स को देखा जाए, तो वे टेस्ट मैचों की तुलना में एकदिवसीय क्रिकेट में ज्यादा बार जीरो पर आउट हुए हैं।

# बिजनेस

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में रिकवरी का रुख, गिरावट के बाद संभले सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान मामूली मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इन दोनों सूचकांकों ने रिकवरी कर हरे निशान में जगह बना ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सिप्ला, सन फार्मास्यूटिकल, श्रीराम फाइनेंस और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 2.75 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, इंफोसिस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजी और विप्रो के शेयर 2.83 प्रतिशत से लेकर 1.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,779 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,555 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,224 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 8.02 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 77,086.05 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक गिर कर 76,878.66 अंक के स्तर तक आ गया। इसके तुरंत बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी देर में ही यह सूचकांक रिकवरी कर हरे निशान में पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 69.34 अंक की बढ़त के साथ 77,163.41 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने भी आज 31.60 अंक फिसल कर 24,071.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण थोड़ी देर में ही यह सूचकांक टूट कर 24,040.05 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों में लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने रिकवर करना शुरू कर दिया। खरीदारी के सपोर्ट से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही यह सूचकांक उछल कर हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 19.65 अंक की बढ़त के साथ 24,122.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 291.17 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,094.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 89.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की उछाल के साथ 24,102.90 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

## बजाज कैपिटल ने जय बजाज को प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नियुक्त किया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी बजाज कैपिटल ने मंगलवार को जय बजाज को प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने का ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि पिछले 60 वर्ष से अधिक की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ते हुए बजाज कैपिटल खुद को प्रौद्योगिकी-सक्षम और अंतर्दृष्टि-आधारित वित्तीय परामर्श संगठन में बदलने की दिशा में तेजी आगे बढ़ रही है। कंपनी ने कहा कि भविष्य में बजाज कैपिटल वित्तीय तैयारी, व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति योजना और बेहतर ग्राहक अनुभव पर केंद्रित नई डिजिटल पहल शुरू करेगी। इस परिवर्तन के साथ बजाज कैपिटल का लक्ष्य अपनी अग्रणी विरासत को मजबूत करना तथा ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों को और सुदृढ़ बनाना है। साथ ही उनके जीवन के हर महत्वपूर्ण चरण में एक भरोसेमंद वित्तीय भागीदार बनना है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ एडविट ज्वेल्स का आईपीओ, एक जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रामभजो ब्रांड से ज्वेलरी का उत्पादन करने वाली कंपनी एडविट ज्वेल्स का 165.16 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 25 जून तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 29 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 30 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर एक जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 130 रुपये से लेकर 138 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 100 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 100 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 13,800 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,93,200 रुपये के निवेश से अधिकतम 14 लॉट में 1,400 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 1,19,68,000 नए शेयर बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 49.98 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35.01 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15.01 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए होलानी कंसलटेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। एडविट ज्वेल्स की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 10.39 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 14.71 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 25.37 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने यानी अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 25.44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 46.60 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 69.45 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 124.94 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने यानी अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 123.80 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो चुका था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 5.84 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 19.70 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 74.80 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला वाटरवेज लीजर टूरिज्म का आईपीओ, 25 जून तक लगा सकते हैं बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश की सबसे बड़ी समुद्री क्रूज ऑपरेटर कंपनियों में से एक वाटरवेज लीजर टूरिज्म लिमिटेड का 585 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 25 जून तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 29 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 30 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर एक जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 769 रुपये से लेकर 808 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 18 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 18 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,544 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,89,072 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 234 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 72,40,099 नए शेयर बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चेन्नई में सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 420 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी के भाव में भी आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## भारत-अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत शुरू की

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत और अमेरिका ने मंगलवार को अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत शुरू की। दोनों देशों के बीच यह बैठक वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मुख्यालय वाणिज्य भवन में चल रही है। इस वार्ता का नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर कर रहे हैं। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की शुरुआत की। ये बैठक इस महीने की शुरुआत (2-4 जून) में राष्ट्रीय राजधानी में समझौते को लेकर मुख्य वार्ताकारों के स्तर पर हुई बातचीत के बाद हो रही है। इससे पहले राजेश अग्रवाल ने 15 जून को कहा था कि दोनों मंत्रियों के बीच बातचीत मुख्य रूप से फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप देने पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन भी इस बैठक में शामिल हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।